RNI NO. 56331/93 वर्ष » 31 अंक »288 जयपुर » गुरुवार » 21 मार्च, 2024 पृष्ठ » 08 मूल्य » 2 रुपए

दैनिक
# खबरों की दुनिया

संस्करण
जयपुर, टोंक, और
मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

खबरों की दुनिया

पूर्व मुख्यमंत्री के कामकाज से क्यों अप्रसन्न है पूर्व ब्यूरोक्रेट्स

## जोधपुर को छोड़कर पूरा ध्यान जालौर पर है



डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक

**जिन** ब्यूरोक्रेट्स को पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे बढ़ाया, पनपाया वे आजकल इतिहास में पहली बार अशोक गहलोत की एवं उनकी शासन व्यवस्था की खुली आलोचना करते देखे जा सकते हैं। पूर्व महानिदेशक एसीबी बीएल सोनी की आत्मकथा इसी संपादकीय कॉलम में आपने दो दिन पहले पढ़ी थी। सोनी ने पेपर लीक प्रकरण का सारा दोष पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनकी टीम के मत्थे मढ़ दिया था। वे आगे भी चुप रहने वाले नहीं है। सोनी खुलकर केंद्रीयमंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के पक्ष में आ गए हैं। शायद अशोक गहलोत ने लाठर को हटाकर उन्हें पुलिस महानिदेशक नहीं बनाया जिसे बीएल सोनी नाराज है।




### जोधपुर से मोह भंग होता जा रहा है पूर्व मुख्यमंत्री का

आजकल पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत के आचार-विचार से ऐसे लगता है कि उनका अपने गृहनगर जोधपुर से मोह भंग हो गया है। आजकल उन्होंने अपना पूरा ध्यान बेटे को विजयश्री दिलाने के लिए जालौर पर लगा दिया है। बेटा भी बाप से दो कदम आगे हैं। अपने पोस्टर में पिता के अलावा राज्य व केंद्र के किसी भी नेता की तस्वीर नहीं लगाई है। वे टिकट दिलाने व जीतवाने की सारी जिम्मेदारी अपने पिता की मानते हैं। पिता भी अपने पुत्र को विजयश्री दिलाने के लिए चेन्नई तक दौड़ लगा आए। अशोक गहलोत व वैभव गहलोत इन दिनों चेन्नई समेत हैदराबाद व बंगलुरू के दौरे पर हैं और इन मेट्रो शहरों में राजस्थान के प्रवासियों से मिल रहे हैं। चेन्नई में जालौर के अप्रवासी राजस्थानी अच्छी खासी संख्या में है। उन्होंने चेन्नई में प्रवासी राजस्थानियों से संवाद किया और अपने बेटे के लिए उनका आशीर्वाद मांगा। उन्होंने उनसे आग्रह किया कि सिरोही जालौर आए और वैभव के पक्ष में माहौल बनाए। उनके साथ पूर्व विधायक संयम लोढ़ा एवं सांसद नीरज डांगी भी थे।

### अशोक गहलोत की बेरूखी के कारण उम्मीदवारों का निर्णय नहीं हो रहा

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पुत्र मोह में व्यस्तता के कारण राजस्थान में बाकी बची सीटों पर उम्मीदवारों का फैसला नहीं हो पा रहा है। अशोक गहलोत आरएलडी के हनुमान बेनीवाल के कट्टर समर्थक है। वे येनकेन प्रकारेण हनुमान बेनीवाल से सीटों पर समझौता करना चाहते हैं। लेकिन मुकुल वासनिक सहित कांग्रेस के छोटे-बड़े नेता इसके पक्ष में नहीं है। कांग्रेस में एक चर्चा जोरों से चल रही है कि राजस्थान की कुछ सीटों पर दूसरे प्रदेशों से कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को लाकर चुनाव लड़ाया जा सकता है। गंगानगर के लिए पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी का नाम जोरशोर से लिया जा रहा है। कांग्रेस भक्त लोगों का मानना है कि अशोक गहलोत भविष्य में पावर में आएंगे ऐसा लोगों को अब नहीं लगता है।

### वर्तमान स्थिति में कांग्रेस का हाईकमान कौन?

कांग्रेस के सारे बड़े नेता अपनी -अपनी तुनतुनी बजा रहे हैं। कोई किसी की नहीं सुनता है। राहुल गांधी की न्याय यात्रा समाप्त हो गई। मुंबई में उन्होंने अपने समर्थक नेताओं के साथ बड़ी रैली भी की। उद्धव ठाकरे बहुत गरजे लेकिन दूसरी ओर भाजपा राज ठाकरे पर डोरे डालने में लग गई। ठाकरे बंधुओं का महाराष्ट्र में अच्छा प्रभाव है। भाजपा ने राज्य में अधिकांश बड़े या बगावतियों को गले लगा लिया है। अब भाजपा के बागियों का कांग्रेस में आने का इंतजार है जिससे हाड़ौती के स्थापित नेता प्रहलाद गुंजल का नाम जोरशोर से चल रहा है। सारे झगड़े छोड़कर कांग्रेस को एकजुट होकर चुनाव लड़ना चाहिए। भाजपा की 2004 वाली स्थिति होगी यह सपने देखना अच्छा नहीं है।

# चित्तौड़गढ़ में जुलूस पर पथराव, एक की मौत

### पहुंना कस्बे में धारा-144 लागू, बाजार बंद, मारपीट के बाद बिगड़े हालात

खबरों की दुनिया

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ के पहुंना कस्बे में धार्मिक जुलूस पर पथराव के बाद तनाव की स्थिति बन गई है। राशमी थाना क्षेत्र के पहुंना कस्बे में मंगलवार रात निकाले जा रहे चारभुजा नाथ के जुलूस पर सदर बाजार में समुदाय विशेष के लोगों ने पथराव कर दिया। पथराव में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 6 लोग घायल हो गए।

हालांकि डॉक्टरों ने हार्ट अटैक से मौत होना बताया है। मृतक के परिजन ने हत्या का मामला दर्ज करवाया है। घटना के बाद कस्बे में धारा-144 लागू कर दी गई है। समुदाय विशेष के लोगों का कहना था कि हमारे धार्मिक स्थल के सामने से जुलूस न निकाला जाए।

पहुंना कस्बे में हर दशमी पर उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर बेवाण (जुलूस) निकाली जाती है। मंगलवार रात 7.45 बजे जुलूस बड़ा मंदिर से शुरू हुआ। जुलूस छीपा मंदिर, रावला, खटीक मोहल्ला, गणेश चौक, सदर बाजार, सुथार मोहल्ला होते हुए फिर मंदिर पहुंचना था। जुलूस जैसे ही सदर बाजार में लगभग 9 बजे विशेष समुदाय के धार्मिक स्थल के बाहर तक पहुंचा तो विशेष समुदाय के कुछ युवकों ने साउंड का हवाला देकर जुलूस निकाल रहे लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इससे माहौल खराब हो गया। विरोध करने पर रतन जीनगर नाम के युवक की पिटाई कर दी।



**सर्व समाज आज करेगा प्रदर्शन**

धार्मिक जुलूस पर पथराव के विरोध में हिंदू जागरण मंच के आह्वान पर गुरुवार सुबह 10 बजे सर्व समाज और विभिन्न हिंदू संगठन कलेक्ट्रेट चौराहे पर प्रदर्शन करेंगे। सभी संगठनों ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल से आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। घटना में शामिल आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाया जाए।

**18 लोग गिरफ्तार**

एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही एफआईआर दर्ज कर ली थी। अब तक 18 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसने माहौल बिगाड़ा है या बिगाड़ने की कोशिश की उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### अचानक शुरू कर दिया पथराव

कुछ देर शांत रहने के बाद विशेष समुदाय के लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। दोनों तरफ से पथराव होने लगा। घटना में 6 लोग नवीन सोनी, रतनलाल जीनगर, देव प्रजापत, रघु शर्मा, विनोद शर्मा, राजू पंचोली घायल हो गए। सूचना मिलते ही राशमी थानाधिकारी श्यामराज मय जाब्ता पहुंचे। मौके पर एसपी सुधीर जोशी, गंगरार डीएसपी रविन्द्र प्रताप सिंह पहुंचे। आसपास के थानों और मुख्यालय से पुलिस फोर्स बुलाई गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को खदेड़ा। रात को ही धारा-144 लागू कर दी गई। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में आगजनी की घटना भी हुई।

### हत्या का मामला दर्ज

जुलूस में शामिल सदर बाजार में दुकान करने वाले श्याम लाल छीपा (50) पत्थर लगने से घायल हो गए। उनको चक्कर आने लगा तो घर चले गए। घर पर एक कंपाउंडर को बुलाया गया। उसने इंजेक्शन दिया। इसके बाद छीपा को परिजन भीलवाड़ा ले जा रहे थे बीच रास्ते में श्यामलाल की मौत हो गई। भीलवाड़ा में डॉक्टरों ने जांच के बाद हार्ट अटैक से मौत होना बताया, इस पर लोग नाराज हो गए। उनके परिजन ने हत्या का मामला दर्ज करवाया है। रात को ही राशमी एसडीएम गोविंद सिंह, कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर भी मौके पर पहुंचे। देर रात तक दोनों पक्षों से बातचीत की गई।

## उच्च शिक्षा सचिव का वेतन रोकने का आदेश

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव का वेतन जारी करने पर रोक लगा दी है। जस्टिस गणेश राम मीणा की अदालत ने संजय यादव और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने प्रमुख सचिव को 4 अप्रैल को व्यक्तिगत या वीसी के जरिए हाईकोर्ट में पेश होने के लिए भी कहा है। कोर्ट ने भिवाड़ी के सरकारी कॉलेज के टीचिंग स्टाफ को वेतन नहीं देने और इस मामले में कोर्ट में जवाब प्रस्तुत नहीं करने को लेकर नाराजगी भी जताई है। कोर्ट ने कहा कि इन कर्मचारियों के प्रति सरकार का यह रवैया स्वीकार्य नहीं है।

**एक साल से स्टाफ को नहीं मिला वेतन:** याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करने वाले एडवोकेट राम प्रताप सैनी ने बताया कि भिवाड़ी के बाबा मोहनराम किसान गवर्नमेंट कॉलेज का अधिग्रहण राज्य सरकार ने 3 मार्च 2021 को किया था। इससे पहले यह कॉलेज ट्रस्ट द्वारा संचालित होता था। सरकार ने कॉलेज का अधिग्रहण तो कर लिया, लेकिन इसमें टीचिंग स्टाफ को शामिल नहीं किया। ऐसे में कॉलेज के लेक्चरर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

राजस्थान पुलिस का खुलासा

## कोटा से किडनैप हुई लड़की ने खुद रची साजिश

### जयपुर में दिखी छात्रा, रेलवे स्टेशन पर दो युवकों के साथ जाते हुए सीसीटीवी फुटेज सामने आया

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** शिवपुरी के स्कूल संचालक की कोटा में पढ़ने वाली बेटी की किडनैपिंग की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस की तफ्तीश में किडनैपिंग की ये पूरी घटना झूठी निकली है और इसकी मास्टर माइंड स्कूल संचालक की बेटी ही निकली है। जिसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर खुद के अपहरण की झूठी साजिश रची थी और पापा को मैसेज कर 30 लाख रूपए की फिरौती भी मंगवाई थी।

कोटा पुलिस ने अब तक की जांच में अपहरण की कहानी झूठी मानी है। पुलिस के मुताबिक छात्रा ने दोस्त के साथ मिलकर अपहरण और फिरौती की साजिश रची। छात्रा के अपहरण का जो वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, वे भी उसके दोस्त के इंदौर स्थित घर के हैं। छात्रा कोटा में किसी भी कोचिंग में अध्ययनरत नहीं थी। कोटा एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि छात्रा की मां उसे कोटा छोड़कर गई, उसके तीन दिन बाद ही वह इंदौर चली गई और इंदौर में दोस्त के साथ रही। छात्रा व उसके दोस्त का यहां पढ़ाई में मन नहीं लग रहा था। वे विदेश में पढ़ाई करना चाह रहे थे, उसके लिए उन्हें पैसे की जरूरत थी। पैसों के लिए ही उन्होंने अपहरण की झूठी कहानी रची।



**दोस्त के किचन में खींची तस्वीरें**

एसपी ने बताया कि छात्रा अपने दोस्त के साथ इंदौर में ही रह रही थी। छात्रा के दो अन्य दोस्त पुलिस का सहयोग कर रहे हैं। उनमें से एक दोस्त ने पुलिस को बताया कि छात्रा को बंदी बनाने का जो फोटो माता-पिता को भेजा गया है वह इंदौर स्थित मकान की रसोई में ही खींचा गया था। एसपी ने बताया कि छात्रा व उसका दोस्त 17 मार्च को जयपुर गए थे। दूसरे दिन वापस इंदौर आ गए और अभी इंदौर में ही रह रहे हैं।

## सीएए का विरोध नहीं करेगी राजस्थान सरकार, वापस लेगी याचिका

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान सरकार सुप्रीम कोर्ट में सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट (सीएए) को चुनौती नहीं देगी। इसे लेकर भजनलाल सरकार ने गहलोत सरकार द्वारा दायर याचिका को वापस लेने का प्रार्थना पत्र सुप्रीम कोर्ट में दायर किया है। प्रार्थना पत्र में राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि बदली हुई परिस्थितियों में सरकार सीएए को चुनौती नहीं देना चाहती है। ऐसे में राज्य सरकार को याचिका वापस लेने की अनुमति दी जाए। राजस्थान सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर किया है। गौरतलब है कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने 11 मार्च को ही सीएए कानून की अधिसूचना जारी की थी। इसके बाद यह कानून पूरे देश में प्रभावी हो गया था।

### थ्रेसर में आने से महिला की गर्दन धड़ से अलग हुई, मौत

**निम्बाहेडा।** थ्रेसर में आने से एक महिला की गर्दन धड़ से अलग हो गई। हादसा थ्रेसर में साड़ी फंसने के कारण हुआ। मामला चित्तौड़गढ़ में निंबाहेड़ा कस्बे के गांव बांगेड़ा मामादेव का बुधवार दोपहर करीब एक बजे का है। एएसआई जुल्फिकार ने बताया टीना (26) पत्नी कन्हैयालाल धाकड़ (27) बुधवार को खेत पर मेथी निकलवाने गई थी। थ्रेसर से मेथी निकलते समय थ्रेसर को ट्रैक्टर से जोड़ने वाले जॉइंटर में टीना फंस गई थी और उसकी मौत हो गई।

कुम्हेर हत्याकांड के 9 आरोपियों की सजा निलंबित

## हाई कोर्ट ने उम्रकैद की सजा को किया सस्पेंड, सभी आरोपियों को रिहा करने के आदेश

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** करीब 32 साल पुराने कुम्हेर जातीय हत्याकांड मामले में हाई कोर्ट ने 9 आरोपियों की उम्रकैद की सज़ा को सस्पेंड करते हुए उन्हें रिहा करने के आदेश दिए हैं। हाई कोर्ट में जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने सभी आरोपियों की अपील पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए। करीब 32 साल पहले जून 1992 में हुए कुम्हेर जातीय हत्याकांड मामले के नौ अभियुक्तों लख्खो, प्रेम सिंह, मान सिंह, राजवीर, प्रीतम, पारस जैन, चेतन, शिव सिंह उर्फ शिब्बो व गोपाल की उम्र कैद की सजा को हाई कोर्ट ने निलंबित करते हुए उन्हें रिहा करने का निर्देश दिया है। अभियुक्तों ने अपीलों में भरतपुर की एससी-एसटी मामलों की विशेष कोर्ट के 30 सितंबर 2023 के उस फैसले को चुनौती दी थी जिसमें कोर्ट ने उन्हें कुम्हेर हत्याकांड में दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई थी।

**अभियुक्तों का नाम एफआईआर में नहीं था :** अपीलों में कहा गया था कि अभियुक्तों का नाम एफआईआर में नहीं था। जिन तीन आरोपियों के नाम चार्जशीट में आए थे। ट्रायल कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया है। अनुसंधान के दौरान शिनाख्त परेड नहीं हुई थी और ऐसे में उनकी पहचान नहीं हुई है। अधिकतर गवाह पक्षद्रोही हो गए थे और गवाहों ने क्रास परीक्षण में माना कि उन्होंने प्रार्थी अभियुक्तों को पहली बार देखा था।

## आध्यात्मिक गुरु जग्गी वासुदेव की हुई ब्रेन सर्जरी, मोदी ने जाना हाल



**नई दिल्ली।** आध्यात्मिक गुरु और ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव की ब्रेन सर्जरी सफल रही। उन्हें कई दिनों से सिरदर्द की शिकायत थी। ऑपरेशन के बाद उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है।

अपोलो दिल्ली के न्यूरो सर्जन डॉ. विनीत सूरी ने गुरुवार को हेल्थ बुलेटिन में बताया, सद्गुरू के ब्रेन के एक हिस्से में सूजन और ब्लड क्लॉटिंग थी। यह उनके लिए जानलेवा साबित हो सकती थी। उनका ऑपरेशन 17 मार्च को दिल्ली में हुआ। उनकी हालत में काफी तेजी से सुधार हो रहा है। पीएम मोदी ने फोन करके सद्गुरू जग्गी वासुदेव के जल्दी स्वस्थ होने की कामना की है। ईशा फाउंडेशन के अधिकारियों ने बताया कि सद्गुरू को पिछले 3-4 सप्ताह से सिरदर्द की शिकायत थी। फिर भी वे लगातार काम कर रहे थे।

## पहले दिन जयपुर में हुए सिर्फ दो नामांकन

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के पहले दिन बुधवार को जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण सीट पर 2 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे। इनमें एक राइट टू रिकॉल पार्टी और दूसरा नामांकन निर्दलीय प्रत्याशी ने किया है। दरअसल, बुधवार से जयपुर जिले की दो लोकसभा सीट समेत प्रदेश की कुल 12 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई है। वहीं, जयपुर के लिए वोटर लिस्ट भी फाइनल हो गए हैं। अब नाम नहीं जुड़ पाएंगे।

जयपुर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया- जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट से राइट टू रिकॉल पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर आदित्य प्रकाश शर्मा और जयपुर शहर लोकसभा सीट से शशांक ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन पत्र भरा। अब उम्मीदवारों के पास केवल 4 दिन का समय बचा है।

### तीन दिन रहेगी छुट्टी

निर्वाचन अधिकारी ने बताया- 23 मार्च से 25 मार्च तक राजकीय अवकाश रहेगा। इस दौरान नामांकन पत्र नहीं लिए जाएंगे। अब उम्मीदवार 21, 22 और 26, 27 मार्च को नामांकन पत्र भर सकेंगे। 27 मार्च तक मिलने वाले सभी नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी।

मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने झुंझुनूं, सीकर व अलवर की लोकसभा क्लस्टर बैठक ली

# कांग्रेस ने झूठ के सहारे लम्बे समय तक राज किया : भजनलाल शर्मा

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने बुधवार को राजघराना रिसोर्ट में झुंझुनूं, सीकर व अलवर की लोकसभा क्लस्टर बैठक ली। जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने देश में झूठ के सहारे लम्बे समय तक राज किया। इन्होंने गरीब और किसान का शोषण किया। भाजपा सेवा कर रही है। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का नक्शा ही पलट दिया। आज देश दुनिया की महाशक्तियों में शामिल हो गया है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता पार्टी से पहले राष्ट्र की सोच रखता है। राष्ट्र भावना से भाजपा किसी भी कार्यकर्ता का सर झुकने नहीं देती। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सभी क्षेत्रों में विकास कर रहा है। आगामी 2047 तक भारत संसार में विकसित देश की श्रेणी में अग्रिम होगा। राजस्थान में सरकार बनने के 3 माह में ही संकल्प पत्र में किए वादों के 45 प्रतिशत कार्य पूरे कर दिए गए। सीएम ने कहा कि संकल्प पत्र में हमने पेट्रोल डीजल की दरे कम करने के साथ प्रदेश में पेट्रोल डीजल की दर सभी जगह समान करने का वादा किया था। चुनाव के 100 दिन पूरा होने से पूर्व ही वादा निभाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं उनके बीच में यमुना जल को लेकर जो समझौता हुआ उससे झुंझुनू सहित शेखावाटी के लोगों को सिंचाई व पेयजल की बड़ी सौगात मिली। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के दम पर राजस्थान की 25 की 25 सीटें भाजपा की झोली में होगी। कार्यकर्ताओं प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाकर के प्रत्येक लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी 5 लाख से अधिक वोटो से जीतेगा।



इस दौरान केंद्रीय मंत्री व अलवर लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव, प्रदेश की सह प्रभारी विजय राहटकर, झाबर सिंह खर्रा, राज्य मंत्री गौतम दक, झुंझुनू लोकसभा प्रभारी बाबा बालक नाथ, सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती, सीकर जिलाध्यक्ष कमल सिखवाल, विधायक सुभाष मील ने भी अपने विचार रखें। स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी ने दिया। जबकि धन्यवाद अलवर दक्षिण के जिलाध्यक्ष उम्मेद भैया ने दिया। मंच संचालन दशरथ सिंह शेखावत ने किया। इन अवसर पर प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, ओमप्रकाश भडाणा, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कुमार जानू, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, सांसद नरेंद्र कुमार, रामलला शर्मा, दीनदयाल कुमावत, जितेंद्र शर्मा, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, पवन मोदी, गोवर्धन वर्मा, विक्रम सिंह जाखल, धर्मपाल गुर्जर, देवी सिंह शेखावत, बबलू चौधरी, शुभकरण चौधरी, सुभाष पूनिया, राजेश दहिया, सुभाष महरिया, सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर, गजानंद कुमावत, रतन लाल जलधारी, श्रावण चौधरी, राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनिया, केडी बाबर, दिनेश धाभाई, अलवर जिला प्रभारी संगठन रोशन सैनी, जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा, प्यारेलाल ढुकिया, नगर मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता कमलकांत शर्मा, शीशराम राजोरिया, जगदीश खाजपुरिया, राजेंद्र शर्मा बगड़, राजीव सिंह शेखावत, गोविंद सिंह शेखावत, पुष्पा गुप्ता, मंजू सैनी, नीता यादव, शौकत अली चौहान, अतुल खीचड़, महेश जीनगर, राजेश बाबल, ललित जोशी, श्रीमती सावित्री सैनी, डॉ. कमलचंद सैनी, सतीश गजराज, अर्जुन महला, कुबेर सिंह शेखावत, इंद्राज सैनी, पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## इंडियन मेडिकल असोसिएशन के वार्षिक चुनाव में डॉ रामदेव को अध्यक्ष और डॉ रविंद्र को सचिव चुना



खबरों की दुनिया

**सीकर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए। बुधवार को हुए चुनाव में डॉ रामदेव चौधरी को अध्यक्ष और डॉ रविंद्र धाबाई को सचिव चुना गया।

दोनो डॉक्टर्स दोबारा इन पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए है। इसके अतिरिक्त डॉ रमाकांत टिबड़ा को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर आई एम ए सदस्यों को संबोधित करते हुए डॉ रामदेव चौधरी ने कहा के आई एम ए पूर्व की भांति जिले के चिकित्सको के हित हेतु कार्य करने को कट्टीबंध रहेगा।

# खाटू मेला: राम नाम की लूट है लूट सके तो लूट

## रहना, खाना, घूमना सब में श्रद्धालुओं के साथ खूली लूट

सच्चानंद थदानी

**सीकर(खबरों की दुनिया)।** देशभर के साथ विश्व में प्रसिद्ध बाबा श्याम का मेला वैसे तो धुलंडी तक चलता रहता है पर मुख्य मेला एकादशी के दिन ही पूरा परवान पर रहता है। यहां से भक्तगण अपने-अपने गंतव्यों की तरफ लौटना शुरू हो जाते है। वैसे तो बाबा की नगरी है उसमें भक्तगण बाबा की झलक पाने के लिए अपने लम्बे-लम्बे सफर तय कर यहाँ तक पहुंचते हैं, वहीं लाखों श्रद्धालु पैदल, नाचते, गाते बाबा के जयकारे लगाते हुए बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हैं। किंतु हम बीते कुछ दिनों से खाटू नगरी में यह देख रहे हैं कि यहां पर बाबा के दरबार में जो श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, खासकर बाहर से आने वाले यात्री उनके साथ में जो उनकी जेब पर डाका डाला जा रहा है, उससे वे काफी आहत हैं।



एक तरफ श्रीश्याम मन्दिर कमेटी ने अपने स्तर पर भक्तों के लिए सुविधाओं में इजाफा किया है। पेयजल, शुलभ शौचालयों का निर्माण, बरसात व धूप से बचाव के साथ बहुत सी अन्य सुविधाएं वहीं जिला प्रशासन हो या पुलिस प्रशासन उसने भी भक्तों के लिए जो योजनाएं बनाई है, वह भीड़ के हालात को काबू करने के लिए जो प्लान बनाया वो सराहनीय है, पर जिस प्रकार से भीड़ लगातार हर साल बढ़ रही है, उसको देखते हुए उसने भी भक्तों के लिए जो योजनाएं बनाई है वह भीड़ के हालात को काबू करने के लिए जो प्लान बनाया वह तो सराहनीय है पर जिस प्रकार भीड़ लगातार हर साल बढ़ रही है, उसको देखते हुए लगा है कि अभी यहां पर बहुत कुछ करना बाकी है।

सबसे ज्यादा जो इस मेले के दौरान खामियां देखने को मिली वो तो बहुत थी, पर जहां तक हम भक्तों के साथ लूट खसोट की बात करें, तो यहां पर श्याम भक्तों को जो कि विशेषकर बाहर से आये श्रद्धालु है उनके साथ जो चौथ वसूली की गई, कुछ धर्मशालाओं द्वारा, कुछ होटलों द्वारा, कुछ गेस्ट हाऊस के द्वारा कुछ ऐसे स्थान जहां पर खाटू में कुछ मकान वालों ने घरों को ही पेईंग गेस्ट बना दिया वहां पर वह कुछ ऐसे दुकानदार जिनके यहां भारी भीड़ का आलम था, उन्होंने खाने पीने की वस्तुओं के भाव आसमान पर पहुंचा दिये, वहां पर घूमने से पता चला कि उदाहरण के तौर पर पानी की बोतल को ले या कचौरी, समोसा ले या अन्य छोटी मोटी वस्तुएं उनके भाव डबल कर के मांगे जा रहे थे। जब कुछ ग्राहकों ने कारण पूछा तो कुछ दुकानदारों ने बताया कि हमारे से दुकान मालिक मेले के दौरान किराया चार गुणा तक बढ़ा कर ले रहा है।

यह तो हो गई दुकानदारों की कहानी पर जो वहां पर टेक्सियां बेट्री वाली उन में से बहुत से चालकों ने जो किराया वसूला वो एक अपमानजनक बात है। खाटू नगरी के लिए कुछ बेट्री टेक्सी चालकों ने दो सौ से तीन सौ रूपये तक वसूलें यात्रियों से वहीं जो प्राईवेट बसें व रोडवेज बसें अपने-अपने स्टेण्डों से चल रही थी। उन्होंने केवल यात्रियों से जो किराया है वो ही लिया जैसा कि कृषि मण्डी सीकर के पास लगने वाली बसों ने पर यात्री 60 रूपये किराया लिया। वो एकदम वाजिब था, खाटू जाने के पश्चात जो श्याम भक्तों के साथ ऐसी घटनाएं हुई वह हमारे सीकर जिले के लिए शर्मनाक बात है, वहीं जो दर्शनों का आलम था। उसमें भी बड़े पैमाने पर कुछ लोगों द्वारा चांदी की चम्मच का सहारा लिया।

इसमें कोई एक पक्ष जिम्मेदार नहीं है, सम्बन्धित ही ऐसे कुछ जिम्मेदार थे, जिनके ऊपर यह जवाबदारी थी। इस साल का खाटू मेला तो बाबा के आशीर्वाद से शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया पर जेब कतरों की जो बहार रही वो भी किसी से छिपी नहीं पर इस भारी भीड़ में कौन किसकी सुने। सभी जिम्मेदार पल्ला झाड़ते नजर आये। पर जो भी हो बाबा शीश के दानी के भक्त लगातार इन सब बातों को दर किनार कर पूरी परेशानी उठाने के पश्चात भी बाबा की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे।

## विज्ञापन स्थल आवंटन के लिए कमेटी गठित

खबरों की दुनिया

**सीकर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर कमर उल जमान चौधरी ने आदेश जारी कर लोकसभा आम चुनाव-2024 सम्पति विरूपण एवं अभियान के संबंध में विज्ञापन स्थल आवंटन के लिए कमेटी का गठन किया है। आदेशानुसार जिला मुख्यालय सीकर के लिए प्रभारी अधिकारी मिडिया प्रकोष्ठ, (डीआईजी स्टाम्प) सीकर को अध्यक्ष तथा उपखण्ड अधिकारी सीकर, आयुक्त नगरपरिषद सीकर को सदस्य, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग सीकर को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार उपखण्ड मुख्यालय पर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी अध्यक्ष, संबंधित विकास अधिकारी, पंचायत समिति ग्रामीण सदस्य, संबंधित आयुक्त, अधिशाषी अधिकारी, नगरपरिषद, नगरपालिका (शहरी) सदस्य, संबंधित तहसीलदार (मुख्यालय) को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है।

## रेजोर्ट में हुआ फागोत्सव का आयोजन

खबरों की दुनिया



**सीकर।** शेखावाटी इन दिनों फागुन और फागोत्सव के माहोल में झूम रही है। जगह-जगह गूंजती होली की धमाल हर खास और आम को मस्ती में झूमने पर मजबूर कर देती है। इसी मस्ती के माहोल में सीकर अग्रवाल समाज महिला मंडल ने आज सांवली रोड स्थित रेजोर्ट में फागोत्सव का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में समाज की महिला विंग ने परंपरागत राजस्थानी फागुन गीतों और धामल का आनंद लिया। महिलाओ ने चंग और बासुरी की धुनों पर राजस्थानी नृत्य के बाद फूलों से होली खेली।

महिला विंग से मेघा गोयल, ज्योति गर्ग, वनिता अग्रवाल और प्रिया अग्रवाल ने बताया के हम युवा इस तरह के आयोजन के माध्यम से अपनी धरोहर राजस्थानी संस्कृति को बचाने का प्रयास कर रहे है, इसी लिए हम राज्य के गर लोक पर्व को सामूहिक रूप से मना कर आने वाली पीढ़ी को भी प्रेरित कर रहे है।

## स्कूल बस पर हमला: बच्चे चीखे तो बदमाश घबरा कर भागे

खबरों की दुनिया

**सीकर।** बच्चो से भरी स्कूल बस रोकर चालक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। बदमाश स्कूल बस के शीशे तोड़कर भाग गए। घटना सीकर जिले के दादिया थाना क्षेत्र की है।

पुलिस को दी रिपोर्ट मे गोरूराम बोराण उम्र 63 वर्ष निवासी श्यामपुरा सीकर ने बताया कि वह सीकर के एक प्राईवेट स्कूल की बस चलाता है। बस चालक स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चो को छोड़ने के लिए जा रहा था। इस दौरान धाबाईपुरा के पास बस के सामने एक बिना नंबर की सिल्वर कलर की स्विफ्ट डिजायर गाड़ी आई। गाड़ी मे 2 बदमाश सवार थे। जिन्होने शराब पी रखी थी।

बदमाशो ने स्कूल बस के सामने गाड़ी लगाकर बस को रूकवा लिया। जिसके बाद बदमाशो ने गाड़ी से नीचे उतर कर बस चालक के साथ मारपीट करना शुरू कर दी। बदमाशों ने लोहे की रॉड से जानलेवा हमला किया और बस के शीशे भी तोड़ दिये। बच्चो ने हंगामा शुरू किया तो बदमाश मौके से भाग गए। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच हेड कॉन्स्टेंबल विकास कुमार कर रहे है।

## नामांकन पत्र भरने के प्रथम दिन कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं

खबरों की दुनिया

**सीकर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने बताया कि आगामी 19 अप्रेल को होने वाले लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए सीकर 05 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र भरने के प्रथम दिन कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किये गये हैं।

## लोकसभा चुनाव को लेकर सीकर विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

खबरों की दुनिया

**सीकर।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सीकर विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन आज बजाज रोड़ स्थित जैन भवन में दोपहर 2:30 बजे होगा।

जिला महामंत्री भंवरलाल वर्मा ने बताया कि सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल, विधायक गोरधन वर्मा व सुभाष मील, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, केडी बाबर, राजकुमारी शर्मा, विधानसभा चुनावों में प्रत्याशी रहे श्रवण कुमार, गजानंद कुमावत सहित सीकर विधानसभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## कल्याण धणी के संग भक्तो ने खेली फूलो की होली, मचाई धूम

खबरों की दुनिया

**सीकर।** श्रीकल्याण धाम सीकर में भव्य फागोत्सव का आयोजन बुधवार को महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य मे किया गया। जिसमे भक्तो ने फूलो की होली कल्याण धणी के संग खेली, भक्तों ने भजनों के माध्यम कल्याणजी महाराज को रिझाया मंदिर प्रांगण में अलवर से आए हुए कलाकारों ने राधा कृष्ण, शिव-पार्वती, इत्यादि स्वरूप धारण कर भक्तो के साथ कलर पुष्प इत्यादि से होली खेली साथ ही बांसुरी चंग डफ इत्यादि की ताल पर भक्त मंत्र मुग्ध हो कर झूम उठे। मंदिर व्यवस्थापक रवि प्रसाद शर्मा ने बताया कि इस दौरान मुख्य आकर्षण का केंद्र अलवर से आए हुए कलाकार रहें जो की विभिन्न स्वरूप राधा- कृष्ण शिव पार्वती, इत्यादि अनेक स्वरूप धारण भक्तो के साथ फूलो की होली खेली और नृत्य किया।



## व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त

खबरों की दुनिया

**सीकर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सीकर जिले में लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए व्यय पर्यवेक्षक एस देवराजन नियुक्त किए गए है। व्यय पर्यवेक्षक सर्किट हाउस सीकर में कमरा नम्बर 9 में ठहरे हुए है, जिनके मोबाईल नम्बर 8890380055 तथा दूरभाष नम्बर 01572-295643 है। इनसे कोई भी आमजन मिलकर या दूरभाष द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से संबंधित समस्याएं व परिवेदनाएं बता सकते है।

## माहेश्वरी युवा मंच ने किया फागोत्सव के पोस्टर का विमोचन



खबरों की दुनिया

**सीकर।** श्रीमाहेश्वरी युवा मंच द्वारा 31 मार्च को स्थानीय मैना सदन में होने वाले होली स्नेह मिलन एव फागोत्सव कार्यक्रम के कार्ड का विमोचन किया गया।

मंच अध्यक्ष अभिषेक तापड़िया ने बताया कि लोक संस्कृति एव त्योहारों को बढ़ावा देने के लिए फागोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिससे अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाया जा सके और समाज जनों में परिचय हो सके। मंच सचिव नितेश क़ाबरा ने बताया कि फागोत्सव कार्यक्रम में अमित खंडेलवाल एंड पार्टी द्वारा भजनों की गंगा बहाई जाएगी। कार्यक्रम के कार्ड का सर्वप्रथम श्रीगणेश मंदिर में अर्पित कर समाज के परिवार जनों में वितरित करने हेतु युवा मंच के पदाधिकारियो को जिम्मेदारी दी गयी। इस अवसर पर मारुति सोमानी, प्रमोद क़ाबरा, आदित्य होलानी, महेश क़ाबरा, यश बियानी आदि उपस्थित रहे।

## नीट के लिए सीएलसी की दंगल टेस्ट सीरीज शुरू

खबरों की दुनिया

**सीकर।** नीट एवं जेईई प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए देश भर में पहचान बना चुके संस्थान सीएलसी की नीट 2024 प्रतिभागियों के लिए दंगल टेस्ट सीरीज 20 मार्च से शुरू हो चुकी है। विस्तृत जानकारी देते हुए सीएलसी सीईओ साहिल चौधरी ने बताया की हाल ही में बायोकेम टेस्ट सीरीज के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद नीट 2024 प्रतिभागियों और अभिभावकों की बेहद मांग पर सीएलसी की दंगल टेस्ट सीरीज 20 मार्च से शुरू की गई है जो 3 मई तक चलेगी। दंगल की शुरुआत के पहले दिन छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा था और सभी छात्र टेस्ट के बाद उत्साह और आत्मविश्वास से लबरेज नजर आए। साहिल ने बताया की दंगल में पूर्णतया एनसीईआरटी आधारित और एग्जाम ओरिएंटेड कुल 20 टेस्ट होंगे जिनमें 10 पार्ट टेस्ट और 10 फुल सिलेबस टेस्ट होंगे तथा हर पार्ट टेस्ट से पहले 200 सवाल मॉक टेस्ट के रूप में दिये जाएंगे। टेस्ट वाले दिन शाम को 8 बजे सीएलसी लाइव एप पर टेस्ट का वीडियो सॉल्यूशन उपलब्ध करवाया जायेगा।



साहिल ने बताया की छात्र दंगल टेस्ट सीरीज से ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनो माध्यम से जुड़ सकते है। ऑफलाइन टेस्ट के लिए छात्र हेड ऑफिस सीकर के अलावा सीएलसी की जयपुर, अलवर और बीकानेर ब्रांच तथा कोटा, जोधपुर, चौमूं, दिल्ली और हिसार स्थित टेस्ट सेंटर पर संपर्क कर सकते है।

## लंकापुरी बालाजी धाम में हुआ फागोत्सव



खबरों की दुनिया

**सीकर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष श्रीलंकापुरी बालाजी धाम में फागोत्सव का आयोजन पीठाधीश्वर नंदकिशोर महाराज के सानिध्य में हुआ। महिला मंडल उपाध्यक्ष ज्योति तनवानी ने बताया कि जानकी मंदिर के पीठाधीश्वर मधुसुदनाचार्य और संतोष खंडेलवाल ने अपने भजनों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। चंग, धमाल और होली के अन्य कार्यक्रमों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया महिला मंडल की सांस्कृतिक सचिव संध्या अवस्थी ने महिलाओं को माला पहनाकर हार्दिक अभिनंदन किया। इसी कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाअध्यक्ष अनीता शर्मा शहर अध्यक्ष कविता चौधरी सावित्री दीक्षित सुनीता महंत सरिता डोकवाल सीमा पांडे अर्चना व्यास संगीता रूलानिया अनीता शर्मा वंदना राठौर भावना जांगिड़ संतोष जांगिड़ जमुना शर्मा इंदिरा शर्मा पूनम अग्रवाल सीमा अग्रवाल सरोज कलावटिया सुमित्रा शर्मा एवं काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष बाजौर का 22 को होगा रामलीला मैदान में स्वागत

खबरों की दुनिया

**सीकर।** सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष(राज्य मंत्री) प्रेमसिंह बाजौर का 22 मार्च को सीकर आगमन पर भव्य स्वागत किया जायेगा। भाजपा जिला महामंत्री संजय सैनी ने बताया कि बाजौर सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद 22 मार्च को पहली बार सीकर आ रहे हैं। इस दौरान सीकर के रामलीला मैदान में भव्य स्वागत समारोह आयोजित कर बाजौर का स्वागत किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बाजौर के सीकर आगमन पर सुबह 9:15 बजे जिले की सीमा सरगोठ से स्वागत का सिलसिला शुरू होगा जो स्वागत समारोह स्थल रामलीला मैदान सीकर में सायं 4:30 बजे पहुंचने पर तक जारी रहेगा। इस दौरान रास्ते में पच्चास से अधिक स्थानों पर उनका कार्यकर्ता स्वागत करेंगे।



## मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित

खबरों की दुनिया



**सीकर।** श्रीकल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय सीकर में बुधवार को प्राचार्य किशन सिंह शेखावत की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सेल्फी पॉइन्ट बनाकर छात्राओं को प्रेरित किया गया। योग्य युवा मतदाताओं को वोटर हेल्प लाईन एप के जरिये पंजीकरण के बारे में जानकारी दी गई ताकि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हो सकें। कार्यक्रम में ईएलसी नोडल प्रभारी प्रोफेसर जुबेदा मिर्जा ने छात्राओं को मतदाता जागरूकता के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में डॉ. अभिलाषा, डॉ. सुलोचना, डॉ. राजपाल सिंह शेखावत, सुरेश कुमार सबल व एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी बबीता, प्रियंका कुमावत, सुमन खीचड़ सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।

## व्यापार संघ का होली स्नेह मिलन समारोह 26 मार्च को

**सीकर।** सीकर संभाग व्यापार संघ का होली स्नेह मिलन समारोह 26 मार्च को मनाया जायेगा। संघ के संरक्षक दयाल सिंह शेखावत व अध्यक्ष राधेश्याम पारीक ने बताया कि समारोह आमली रोड सथित मैना सदन मे होगा। 4 बजे आरम्भ होने वाले स्नेह मिलन समारोह के मुख्य अतिथि क्षैत्रिय सांसद स्वामी सुमेन्धा नन्द सरस्वती व राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिह बाजोर, घोद विधायक गोर्धन वर्मा जिला प्रमुख गायत्री कंवर होगे। पारीक ने सभी व्यापारी से समारोह मे भाग लेने की अपील की है।

खबरों की दुनिया

एक नजर

# निशुल्क चिकित्सा शिविर में 250 लाभान्वित



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** लाल कोठी स्थित एसआरके मैक्स हॉस्पिटल में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में 250 लोगो ने लाभ उठाया। इस दौरान जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, यूरोलोजी, नेत्र, हृदय, कैंसर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण समेत विभिन्न विभागों की सेवाएं निशुल्क प्रदान की गई। चिकित्सको ने संयमित दिनचर्या, नियमित व्यायाम एवम विशेषज्ञ चिकित्सकों से नियमित सलाह से स्वस्थ जीवन जीने की बात कही।

हॉस्पिटल निदेशक डॉ. राकेश शर्मा ने बताया हॉस्पिटल की ओर से नियमित रूप से सामाजिक सरोकारों के क्रम मे इस तरह के आयोजन किए जाते है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही समय समय पर बेसिक लाईफ सपोर्ट प्रशिक्षण, नर्सिंग सर्टिफिकेट कोर्स, नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रमों का भी आयोजन पब्लिक वेलफेयर मे किया जाता रहता है।

# ताला से महंगी महादेवजी की यात्रा हुई रवाना

खबरों की दुनिया

**ताला (वसीम अकरम)।** कस्बे के लक्ष्मीनाथ जी के मंदिर से महंगी महादेवजी कि पदयात्रा बुधवार को रवाना हुई। पदयात्रा को ब्रह्मपीठाधीश्वर डाकोर,अयोध्या काठिया परिवाराचार्य एवं जयपुर नारायण धाम के स्वामी रामरतनदास देवाचार्य महाराज व जमवारामगढ विधायक महेन्द्र पाल मीना के मुख्य आतिथ्य में पण्डित सीताराम शर्मा ने निशान की पूजन करवाकर पदयात्रियो को दुपट्टा व मंगल तिलक लगाकर रवाना किया। पदयात्रियों का ताला सरपंच अमीर खान व पूर्व सरपंच फकरुद्दीन शेख, जमील खोखर सहित मुस्लिम समुदाय के लोगो ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान ताला सरपंच अमीर खान, गठवाड़ी सरपंच बाबूलाल मीना, मण्डल अध्यक्ष प्रभू दयाल गुर्जर, रामबाबू पुजारी नवल गुप्ता, राकेश गुप्ता,अमित शर्मा, अर्जुन प्रजापत,रामगोपाल पारीक सुदर्शन शर्मा सहित मोजूद रहे।

# कोहनी की ऑर्थोस्कोपी कर दिलाई टीबी से निजात

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** जयपुर शहर के चिकित्सको ने गत डेढ वर्ष से कोहनी के जाम होने की समस्या से जूझ रही जयपुर निवासी 33 वर्षीय महिला को समस्या से पूर्णतया निजात दिलाने में सफलता प्राप्त की है। 33 वर्षीय महिला अपने दैनिक कार्य करने में भी परेशान थी, एवं कई स्थानों पर दिखाने के बाद भी परेशानी दूर नहीं हो रही थी। एसआरके मैक्स हॉस्पिटल के जोड प्रत्यारोपण एवं आर्थोस्कॉपी सर्जन डॉ. विकास गुप्ता के निर्देशन में कोहनी में टीबी डायग्नोस हुआ। डॉ. गुप्ता ने बताया कि इसके कारण ही कोहनी की अकडन की समस्या बनी हुई थी। इसके बाद कोहनी की ऑर्थोस्कॉपी दूरबीन से कर सफाई की गई एवं अन्य प्रक्रियाएं कर कोहनी को पूरी तरह ठीक किया गया। करीब आधा घंटे चले ऑपरेशन के अगले ही दिन महिला को डिस्चार्ज कर दिया गया गया एवं महिला के कोहनी के मूवमेंट भी तब तक पूरी तरह सामान्य हो चुके थे।

# वरिष्ठ साहित्यकार नन्द भारद्वाज का 75 वें वर्ष पर अभिनंदन



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** हरिदेव जोशी जनसंचार एवं पत्रकारिता विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सुधि राजीव ने अपनी पुरानी स्मृतियों का स्मरण करते हुए कहा कि राजस्थानी और हिन्दी साहित्य के उन्नयन के साथ मीडिया मैनेजमेंट में भी नन्द भारद्वाज को पूर्ण महारत हासिल है। टेक्नोलोजी के इस युग में अपनी पुरानी रचना त्मकता को संजोकर आने वाली पीढ़ी को विरासत के रूप में सौंपना बड़ा काम है । इससे हम समाज को समृद्ध कर सकते हैं । यह हुनर उनके पास है। भारद्वाज लोक संस्कृति से गहरा जुड़ाव रखते हैं। राजस्थान उनके दिल में बसता है । नदी जैसे अपना रास्ता स्वयं बनाती है वैसे ही नंद भारद्वाज साहित्य में अपना रास्ता बनाकर आगे चलते रहे हैं । वे नन्द भारद्वाज के 75 वें बसंत पर अभिनंदन समारोह में बोल रही थी। डॉ सुधीर राजीव ने कहा कि भारद्वाज की रचनाओं में गांव और शहरों के बीच स्पष्ट सीमांकन। इनकी रचनाओं में वंचितों के लिए आवाज उठाने का उनका प्रयास हुआ है कलम और किताब से लेखक कितना ही बड़ा हो लेकिन वह एक्टिविस्ट के रूप में भी काम करता है। इसकी प्रतिबद्धता साफ दिखाई देती है। इनका साहित्य लोगों को समाजिक सरोकारों से जोड़ता है। मातृभाषा राजस्थानी के संवर्धन में इनका अमूल्य योगदान है।

वरिष्ठ पत्रकार लेखक और पूर्व कुलपति ओम थानवी ने कहा कि नंद भारद्वाज ने साहित्य की विभिन्न विधाओं में सृजन किया जो अपने आप में अनुकरणीय है। इनका सृजन साहित्य की उजास और समझ को बढ़ाता है। प्रचार माध्यमों को साहित्य संस्कृति के उन्नयन के प्रयास करने चाहिए। नन्द जी की कविताओं की रेंज काफी बड़ी है।व्यक्ति के रूप में उनका संयम उनके साहित्य में भी दिखाई देता है जीवन के प्रति उनकी पकड़ गहरी है जो रचनाओं की प्रामाणिकता को बढ़ाती है।।थानवी ने कहा कि राजस्थानी की मान्यता का सवाल अपनी जगह है परन्तु प्रांत की विभिन्न बोलियों की रक्षा करना भी जरूरी है। प्रोफेसर मोहन श्रोत्रिय ने कहा कि लोगों के जीवन में जहां संश्लिष्टता बार-बार झलकती है वहां नंद भारद्वाज के जीवन और उनकी रचनाओं में सादगी और सौम्यता के दर्शन होते हैं। उन्होंने इसकी सत्यता की परख के लिए उनकी तीन कविताएं उद्धृत की।

प्रमुख आलोचक डॉ. राजाराम भादू ने कहा कि नंद भारद्वाज की



पृष्ठभूमि आकाशवाणी और दूरदर्शन की रही है लेकिन यह वह दौर था जब प्रगतिशील आंदोलन के समान्तर जनवादी आंदोलन में विमर्श चल रहा था । इस विमर्श में नंद भारद्वाज ने महत्वपूर्ण और सक्रिय भागीदारी निभाई।डॉ. भादू ने कहा कि उनकी रचनाएं खास तौर से दौर अर और दायरो, साहित्य परंपरा, साहित्य आलोचना रो आधार महत्वपूर्ण कार्य हैं। उन्होंने राजस्थानी साहित्य आलोचना को आगे ले जाने का काम किया। जब तक लेखक के भीतर अंतर्दृष्टि ना हो तो वह मूल्य संबंध संवर्धन का कार्य नहीं कर सकता।प्रतिष्ठित लेखक डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने कहा कि समाज में अच्छा व्यक्ति वही हो सकता है जो अपने परिवार को साहित्य को और समाज को समय देता है। नंद भारद्वाज ने अपने जीवन में समय प्रबंधन का बहुत अच्छा निर्वहन किया है। उन्होंने अपने जीवन में आए कई उतार-चढ़ावों का धैर्य से अविचल रहकर सामना किया।संवाद निरंतर और नंद जी री हथाई उनकी कृतियां समय से साक्षात्कार कराती हैं । प्रोफेसर राम बक्श ने कहा कि आलोचना और साहित्य में उन्हें नंद भारद्वाज ही लेकर आए। आज के दौर में जब सामाजिक रिश्ते खत्म हो रहे हैं तो सीखने की जरूरत है कि ऐसी अवस्था में शालीनता को कैसे बरकरार रखा जा सकता है।

युवा लेखिका डॉ निरूपमा चतुर्वेदी ने नन्द भारद्वाज की कविताओं और साक्षात्कार पर और कविता मुखर ने नन्द भारद्वाज की कहानियों में समाज के वंचित वर्गों की पीड़ा, अकाल त्रासदी भरे जीवन और लेखक के संवेदनशील पक्ष को प्रस्तुत किया। नन्द भारद्वाज ने कहा की उनकी कृतियाँ ही उनके लेखन का आईना है।लेखक जन भावनाओं को अपनी रचनाओं में व्यक्त कर्ता है। रचनाओं में जीवन अनुभव बोलता है। कार्यक्रम का संचालन नीरज ने किया। इस अवसर पर यूवा युवा चित्रकार प्रजापत ने स्वयं द्वारा तैयार चित्र भारद्वाज को भेंट किया।राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति के सचिव राजेन्द्र बोड़ा ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शहर के प्रतिष्ठित लेखक, संस्कृतिकर्मी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। प्रारम्भ में राही सहयोग संस्थान के संयोजक वरिष्ठ साहित्यकार प्रबोध गोविल ने शाल ओढ़ाकर भारद्वाज का अभिनंदन किया।

# जयकारों के बीच श्री इन्द्र ध्वज विधान में चढ़ाई 251 ध्वजाएं



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** अष्टान्हिका पर्व के अवसर पर श्याम नगर वषिष्ठ मार्ग के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में सर्वांगभूषण आचार्यश्री चैत्य सागर जी महाराज के सानिध्य में श्री इन्द्रध्वज महामंडल विधान में बुधवार को मंडल पर 251 ध्वजाएं चढ़ाई गई। इस दौरान श्रद्धालु भजनों की स्वर लहरियों में झूमते-नाचते नजर आए।

मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष निहाल चन्द्र पांडया ने बताया कि ऐसा पहली बार हो रहा है,जब श्याम नगर के चार मंदिरों के श्रावक-श्राविकाएं एक साथ मिलकर श्री इन्द्रध्वज महामंडल विधान में भक्ति और आस्था के साथ भाग ले रहे थे। महोत्सव के तहत बुधवार सुबह नित्याभिषेक के बाद आचार्यश्री के सानिध्य में श्रीजी की शांतिधारा व अभिषेक की क्रियाएं सम्पन्न हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल धन्य-धन्य आज घड़ी कैसी सुखकार है... रोम-रोम पुलकित हो जाए..जैसे भजनों की



स्वर लहरियों पर नाच-गाकर वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। इसके बाद श्री इन्द्रध्वज महामंडल विधान में सौधर्म इन्द्र विनोद कुमार पांडया व सुलोचना पांडया,चक्रवर्ती प्रभाचंद्र-मधु चांदवाड़ सहित अन्य इन्द्र-इन्द्राणियों व श्रद्धालुओं ने 251 मंडल पर ध्वजाएं अर्पित की।

इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्यश्री चैत्य सागर जी महाराज ने कहा कि हम सभी को मनुष्य भव बड़ी दुर्लभता से प्राप्त होता है,इसका हम सभी को महत्व समझकर अपने जीवन में अधिक से अधिक धर्म करना चाहिए। विधान का समापन 25 मार्च को होगा।

# एसकेआईटी में एक्सपर्ट टॉक आयोजित



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** एसकेआईटी के आईईईई कंप्यूटर सोसाइटी एंड माइक्रोवेव थ्योरी एंड टेक्नोलॉजी स्टूडेंट ब्रांच चैप्टर की ओर से एवम आईईईई राजस्थान सबसेक्शन के सहयोग से 20 मार्च को जे सी बोस ऑडिटोरियम में कॉलेज के छात्रों के लिए वीएलएसआई टेक्नोलॉजी एट लोअर नोड्स चैलेंजेज एंड इश्यूज पर एक विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य छात्रों को वर्तमान रुझानों वीएलएसआई-प्रौद्योगिकी के बारे में जागरूकता प्रदान करना और उनके सीखने के अनुभव को प्रदर्शित करने के लिए वीएलएसआई कैरियर के लिए एक रोडमैप प्रदान करना था। एसकेआईटी के छात्र चैप्टर के समन्वयक डॉ. रुखसार जफर ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथि का स्वागत किया।

डॉ. नीलम चौधरी आईईईई कंप्यूटर सोसाइटी स्टूडेंट ब्रांच चैप्टर सलाहकार एस के आई टी ने विशेषज्ञ एच एस जटाना, एस जी ग्रुप हेड डिजाइन एंड प्रोसेस ग्रुप, अंतरिक्ष विभाग (भारत सरकार) और छात्रों का स्वागत किया। माननीय अतिथि ने सत्र को बहुत ही ज्ञानवर्धक अंतर्दृष्टि और उत्साहवर्धक शब्दों के साथ संबोधित किया जिससे छात्रों को अनुभव मिला।

# महिलाओं के उत्थान के लिए स्पेशल स्कॉलरशिप

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** अजमेर रोड स्थित जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी की ओर से महिला दिवस से गर्ल स्टूडेंट्स के लिए दी जा रही विशेष छूट को लेकर स्टूडेंट्स में खासा रूझान देखने को मिल रहा है। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. धीरज सांघी के मुताबिक यूनिसेफ की रिपोर्ट देखे तो देश में कक्षा आठ तक 96 और कक्षा 12 तक 50 प्रतिशत गर्ल स्टूडेंट्स शिक्षा ग्रहण करती है एवं हायर एजुकेशन मे तो इसका प्रतिशत और कम हो जाता है।

ऐसे में यूनिवर्सिटी की ओर से गर्ल एजुकेशन को बढावा देने के लिए सभी सामान्य स्कॉलरशिप के साथ ही गर्ल्स के लिए 31 मार्च तक अतिरिक्त 15 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान किया गया है, ताकि बच्चियां उच्च शिक्षित हो सके। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी की ओर से समय-समय पर इस तरह के ऑफर सामाजिक सरोकारों के क्रम में दिए जाते रहते हैं।

# लोकसभा चुनाव आदर्श आचार संहिता की पूर्ण रूप से पालना होः एसपी शर्मा

खबरों की दुनिया

**अलवर।** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर बुधवार को पुलिस अधीक्षक अलवर आनन्द शर्मा की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय मिनी सचिवालय जिला अलवर में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पुंलिस अधीक्षक अलवर आनंद शर्मा ने बताया कि बुधवार को प्रातः साढ़े 11 बजे जिला पुलिस अधीक्षक अलवर की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय मिनी सचिवालय जिला अलवर में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मु यालय/ग्रामीण अलवर, जिले के समस्त वृताधिकारीगण व थानाधिकारीगण व यातायात प्रभारी उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक में लोकसभा चुनाव-2024 के मध्यनजर जिले की कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया एवं आगामी त्यौहार होली, धुलण्डी, अष्टमी, रामनवमी, ईदुल फितुर को लेकर सा प्रदायिक दृष्टि से निगरानी हेतु निर्देशित किया एवं आबकारी अधि0, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट में अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। गोकशी, गौतस्करी अपराधों पर रोकथाम, अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने, वांछित अपराधियों/स्थाई वारण्टियों की तलाश कर उन्हे अविल ब गिर तार करने, हिस्ट्रीशीटर्स व हार्डकोर अपराधियों के खिलाफ प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही, अपराधियों के महिमामंडन करने वालों के खिलाफ कार्यवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

## नाम निर्देशन भरने की प्रक्रिया शुरू, पहले दिन किसी ने नहीं भरा

**अलवर।** जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने के प्रथम दिन बुधवार को किसी भी अ यर्थी ने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत नहीं किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत नाम-निर्देशन पत्र भरने की प्रकिया प्रार भ हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अ यर्थी 27 मार्च तक (परक्राय लिखित अधिनियम के तहत घोषित राजकीय अवकाश को छोडकर) प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक मिनी सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित कमरा नं. 109 में नामांकन भर सकेंगे। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 28 मार्च गुरूवार को की जावेगी।

# जेडीए व नगर निगम ने सामुहिक अभियान बनाकर सड़क सीमा से हटाए अतिक्रमण

खबरों की दुनिया

**जयपुर ।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-05, 07 एवं पीआरएन-नोर्थ व साउथ में नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान के तहत मानसरोवर से अजमेर रोड़, 200 फीट बाई पास तक 04 किमी. तक फुटपाथ, रोड़ पर दोनो तरफ अवैध रूप से किये गये करीब 125 अतिक्रमणों थडी ठेले, त्रिपाल, होर्डिग, साइनबोर्ड, चबूतरे, टीनशेड टेबल कुर्सियां इत्यादि अवैध कब्जे-अतिक्रमणों को हटवाया जाकर रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। साथ ही जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन कांती नगर सुमेल रोड़ जामडोली के भूखण्ड संख्या-ए-47 में बनी 04 मंजिला अवैध बिल्डिंग की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित कांती नगर सुमेल रोड़ जामडोली के भूखण्ड संख्या-ए-47 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बनाई जा रही 04 मंजिला अवैध बिल्डिंग के निर्माण करने पर निर्माणकर्त्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निमार्ण रूकवाया जाकर हटाने हेतु पाबंद किया गया



था। परन्तु अवैध निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) का नोटिस जारी कर बुधवार 20 मार्च को उक्त अवैध बिल्डिंग के प्रवेश द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से गेटों पर ताले सील चपडी लगा कर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।

जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुए व्यय-खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 03, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

जेडीए द्वारा नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान के तहत जोन-07, 05, पीआरएन साउथ एवं पीआरएन नोर्थ के क्षेत्राधिकार में अवस्थित मानसरोवर से अजमेर रोड़, 200 फीट बाई पास तक 04 किमी. तक फुटपाथ, रोड़ पर दोनो तरफ अवैध रूप से करीब 125 स्थानों पर कब्जा-अतिक्रमण कर लगाये गये थडी ठेले, त्रिपाल, होर्डिग, साइनबोर्ड, लोहे के ऐंगल, चबूतरे, टीनशेड टेबल कुर्सियां, इत्यादि डालकर अवैध कब्जे-अतिक्रमण कर रखे थे।

जिससे यातायात आवागमन में आमजन को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा था।

उक्त किये गये अतिक्रमणों को नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान का आयोजन कर जोन-07, 05, पीआरएन साउथ एवं पीआरएन नोर्थ के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड सीमा को अतिक्रणमण मुक्त कराया गया।

आमजन के आवागमन को सुगम बनाया गया। नगर निगम के जाप्ते के द्वारा ट्रक ट्रोली भरकर सामान जप्त किया गया।

उक्त कार्यवाहियां प्रवर्तन अधिकारी जोन-07, 05, 08, पीआरएन साउथ एवं पीआरएन नोर्थ तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड, नगर निगम का जाप्ता, तथा जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

# मुझे जिंदगी की दुआ देने वाले, हंसी आ रही है तेरी सादगी पर



**अशोक चतुर्वेदी**
**व्यंग्यकार**


सुना है राजस्थान के लोग दिन में ज्यादा हंसते हैं...हंसते रात में भी होंगे..कम हंसते होंगे तो ज्यादा ध्यान नहीं गया...दिन में खिलखिला कर हंसते है..जोर-जोर से हंसते हैं तो बातें बनने लगीं...हैप्पीनेस डे पर छपी रिपोर्ट पर एक अखबार लिखता है कि मध्य प्रदेश से ज्यादा राजस्थान के लोग हंसते हैं....हंसते होंगे...जरूर हंसते होंगे...कल की बात है...चाय की टपरी पर चुनाव पर चर्चा चल रही थी...धुरंधर तिकड़म बैठा रहे थे कि कौन जीतेगा...इस बीच किसी ने सवाल दाग दिया...इस बार कौन जीतेगा...सवालिए का सवाल दिल्ली में सरकार बनाने को लेकर था...तो उसने पूछा इस बार कौन जीतेगा...सब जोर से हंसने लगे...ये भी कोई सवाल हुआ...कौन जीतेगा...अरे भई चंडीगढ़ प्रकरण से भी बात समझ नहीं आई जो बेतुका सवाल पूछते हो...वहां तो जीतने के बाद भी जीतने वाले हार गए..सुप्रीम अदालत को दखल देना पड़ा...और तुम पूछते हो कौन जीतेगा? सवाल ही गलत है...शायद सवाल करने वाले को याद नहीं रहा कि लालकिले पर आखिरी भाषण में क्या कहा था...साहब पहले ही कह आए हैं...मैं ही आऊंगा...तो बताओ दूसरा कोई आ सकता है...आएगा तो टेंटुआ पकड़ उधर ना ले जाएंगे... सरकार किसकी बनेगी तय दिखती है...और जनाब पूछते हैं...इस बार कौन जीतेगा..बड़ा हास्यास्पद सवाल था तो लोग हंसने लगे...सब हंसने लगे... सर्वे सही साबित हुआ...राजस्थानी दिन में ज्यादा हंसते हैं...असल में रात में हंसने के मौके कम मिलते हैं...दिनभर की थकान के बाद बेचारे जाकर सो जाते हैं...पता चलता है रात में जिस नेताजी से मिल कर आए थे...सुबह होते-होते किसी और पार्टी में चले गए... बताओ हंसी आएगी की नहीं....मध्यप्रदेश के मुकाबले राजस्थान में रोज कोई नेता इधर से उधर हो रहा है...तो राजस्थानी दिन में सबसे ज्यादा हंसते हैं...वैसे जिस अखबार ने यह रिपोर्ट लगाई है और जिस तरह पन्ने पर डिसप्ले किया है...उसे देखकर भी हंसी आती है...पेज पर सबसे ऊपर हैपीनेस डे पर रिपोर्ट को लगाया गया है...इसके ठीक नीचे चुनावी घरौंदा के हवाले से शीर्षक लगाया है-सियासी परिवारों की बदलती 3 तस्वीरें...गौर फरमाएं, पहला कालम कहता है...झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन की बहू ने पार्टी बदली...पास ही एक और सिंगल कालम लगा है, यहां दूसरी खबर है-खबर महाराष्ट्र से जुड़ी है...लिखा है, राज ठाकरे शाह से मिले...साथ आने की चर्चा...पास ही तीसरा कालम चिपकाया हुआ है...खबर बिहार से जुड़ी है...लिखा है- नाराज पशुपति का केन्द्रीय मंत्री पद से इस्तीफा...अब बताईए हंसी आएगी या नहीं...अब भी हंसी नहीं आई हो तो मिसाल देखें...गुंजल ने छोड़ा मोदी परिवार...पढ़ते ही हंसी आ गई ...तोताराम कन्फ्यूज कि मोदी के परिवार में गुंजल तो वह किस परिवार में...जब से सुना है सारा हिंदुस्तान मेरा परिवार है..तोताराम भी यही मानकर चल रहा था...तो हंसना लाजिमी था...हंसी आई भी...क्षण भी भरी दोपहर का था तो दिन में हंसी आई...सर्वे सही कहता है राजस्थान के लोग हंसने में अव्वल हैं...वैसे राजस्थानियों की हंसने की वजह बहुतेरी हैं...पहले-पहल तो वे पेट्रोल के दामों में कमी को लेकर हंसे...हंसे ही क्या बहुत देर तक हंसे...जोर-जोर से हंसे...सोचकर हंसे कि क्या एक रुपए चालीस पैसे के लोभ में सत्ता बदल डाली...करते भी क्या..समय हाथ से निकल चुका था तो खूब हंसे...हंसने के सिवा कर भी क्या सकते थे तो खूब हंसे...फिर हंसी आई नेताजी की बात पर.. नेताजी अक्सर कहते हैं....देश तरक्की कर रहा है...देश तरक्की कर रहा है....वाकई, खुद ही सवा सौ करोड़ की आबादी वाले मुल्क के अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने की बात करते हैं...और खुद ही देश के तरक्की के तराने गाते हैं...तो जैसे ही बात याद आई...लोग खूब हंसे...राजस्थान के लोग बहुत देर तक हंसे...दरअसल, सुबह उठते ही हंसने की कई वजह मिल जाती हैं तो राजस्थानी पढ़-पढ़ के खूब हंसते हैं ...सर्वे करने वालों की नजर पड़ गई तो उन्होंने खबर बना दी....सही है राजस्थानी दिन में ज्यादा हंसते हैं...रोज छत पर जाते हैं और सोलर की फोटो लगा आते हैं...इस उम्मीद में कि कभी तो योजना आएगी....गारंटी ने गारंटी दी है तो सोलर की उम्मीद में रोज फोटो छत पर लगा आते हैं...अगले दिन फोटो वहां नहीं मिलती तो हंसते हैं...हो सकता है हवा में उड़ कर फोटो दूसरे की छत पर या कहीं और पहुंच जाती हो.. लेकिन हंसी तो बनती है और लोग दिन में हंसते हैं...राजस्थान के लोग हंसते हैं....वैसे क्रिकेट से जुड़ी एक खबर ने भी खूब हंसाया... जिसने भी पढ़ी हंसा...बहुत देर तक हंसता ही रहा...सोच-सोच कर हंसता रहा कि टिकट बिक भी गए और खरीदार का पता भी नहीं...कैसा करिश्मा है...अच्छा है ईडी आदेश मिलने पर काम करती है...वरना तो यहां ईडी ही टिकटों का हिसाब करती...सोच कर हंसी आई...जिसने भी सुना हंसी आई...तो बहुतेरी वजह हैं हंसने की...राजस्थान के लोग इसलिए भी ज्यादा हंसते हैं कि कोई महंगाई पर बात नहीं करता...रोजगार पर बात नहीं करता...पता नहीं किस बात की गारंटी पर बात करते हैं...किसकी गारंटी पर बात करते हैं...नेताओं की खुद की गारंटी नहीं... रात को सोते घर में और सुबह दूसरे की गोद में बैठ जाते हैं...इस पर चमत्कार देखिए कि सामने वाला दल उसी नेता का गुणगान करने लगता है जिस पर कभी भ्रष्टाचार के आरोप पानी पी-पी कर लगाए थे...तो हंसी आनी लाजिमी है...लोग हंस रहे हैं...हम भी हंस रहे हैं...आप भी हंसे...चुनावों का मौका है...अभी कई अवसर और आएंगे...खुल कर हंसे...गारंटी मानिए इसके बाद पांच साल तक हंसने का मौका नहीं मिलेगा..!

(यह लेखक के अपने विचार है)



> सुना है राजस्थान के लोग दिन में ज्यादा हंसते हैं...लाजिमी है, जिस नेता को दिन में माला पहना कर आए...रातभर में पाला बदल ले तो अगले दिन हंसेंगे ही...बड़ी उम्मीद से सरकार बदली...तेल के दाम कम हुए एक रुपए चालीस पैसे....लोग हंसेंगे ही...इस पर भी सूबे के अलग-अलग शहरों में अलग-अलग दाम...और साहब कहें कि एक दाम...तो लोग हंसेगे ही...सबसे बड़ा सवाल...किसी ने पूछा-किसकी सरकार बनेगी...सुन कर लोग हंसे...हंसेंगे ही...आईपीएल की टिकटें बिक जाएं और यह पता ना हो कि किसने खरीदी...तो बताईए...हंसी आएगी कि नहीं? ऐसे में राजस्थान के लोग दिन में ज्यादा हंसते तो क्या गलत करते हैं!

# पाक से क्यों खफा हैं इस्लामिक मुल्क



**आर. के. सिन्हा**
**पूर्व सांसद, राज्यसभा**

पाकिस्तान में आजकल सिर्फ अंदरूनी हालात ही खराब नहीं हैं, उसके सामने कई गंभीर संकट और भी हैं। उसे उसके दो पड़ोसी देश , जो उसकी तरह से ही इस्लामिक देश हैं, उससे सख्त नाराज हैं। पहले ईरान और अब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। फिलहाल अफगानिस्तान और पाकिस्तान आमने-सामने हैं। दोनों मुल्कों क बीच सरहद पर झड़प भी हुई है। झड़प की शुरूआत पाकिस्तान की तरफ से विगत सोमवार को हुई थी। इसके जवाब में, अफगान तालिबान ने भी सीमा पर पाकिस्तानी चौकियों पर गोलीबारी की। ऐसे में सवाल है कि क्या दोनों देश युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं? पाकिस्तान के हमलों के बाद तालिबान ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि अफगानिस्तान की संप्रभुता पर किसी भी तरह के उल्लंघन के गंभीर परिणाम होंगे। इसके साथ ही तालिबान ने पाकिस्तान की नवगठित सरकार से दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को खतरे में डालने के लिए गैर-जिम्मेदाराना कार्यों की अनुमति नहीं देने का भी आग्रह किया। दरअसल पाकिस्तान में हाल के आतंकवादी हमलों को लेकर दोनों देशों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। पाकिस्तान का आरोप है कि हमले अफगानिस्तान की सरजमीं से किए गए थे। जबकि, तालिबान ने पाकिस्तान के इस दावे को गलत बताया है।

आपको याद होगा कि बीते जनवरी के महीने में पाकिस्तान के आतंकवादियों के ठिकानों पर ईरान ने हमला बोला था। ईरान ने पिछली 16 जनवरी को पाकिस्तान में आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए थे। ईरान की सरकारी मीडिया के हवाले से कहा गया था कि हमले में मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। ईरान ने पाकिस्तान में बलूची आतंकी समूह जैश-अल-अदल के दो ठिकानों को मिसाइलों से निशाना बनाया था। ईरान ने आठ साल पहले सन 2016 में भी पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर मोर्टार दागे थे। इसलिए कहा जा सकता है कि ईरान पहले भी पाकिस्तान को निशाना बना चुका है।

पाकिस्तान और ईरान के बीच 900 किलोमीटर की सीमा है। उधर, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच करीब 2400 किमी लम्बी अन्तराष्ट्रीय सीमा है। इसका नाम डूरण्ड रेखा है। दरअसल पाकिस्तान और अफगानिस्तान के संबंध तब से लगातार खराब होने लगे जब पाकिस्तान ने पिछले साल अपने देश से अवैध अफगानों को निकालने का सिलसिला शुरू किया। पाकिस्तान से रोज सैकड़ों अफगान अपने देश वापस लौट रहे हैं। पाकिस्तान की इस कार्रवाई पर हजारों अफगानिस्तानियों का कहना है कि वे गुजरे कई दशकों से पाकिस्तान में हैं। वे पाकिस्तान के नागरिकता भी ग्रहण कर चुके हैं। इसके बावजूद उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। यहां पर बड़ा सवाल यही है अपने को इस्लामिक संसार का नेता कहने वाले पाकिस्तान से इस्लामिक मुल्क ही खफा क्यों है? इस सवाल का सीधा सा उत्तर है कि पाकिस्तान के डीएनए में ही अपने पड़ोसियों के लिए संकट पैदा करना है। उसने भारत के खिलाफ क्या-क्या हथकंडे नहीं अपनाए। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 1948, 1965, 1971 में युद्ध छेड़े और बुरी तरह से मार भी खाई। जंग के मैदान में धूल में मिलने के बाद पाकिस्तान ने 1999 में करगिल में घुसपैठ की। तब भी उसका बहुत बुरा हश्र हुआ। पाकिस्तान के साथ दिक्कत यही है कि वह बुरी तरह पिटने के बाद भी सबक नहीं लेता। उसे बार-बार पिटने की आदत सी हो गई है। फिलहाल वह ईरान और अफगानिस्तान से पिटने के लिये तैयार है।

अब पाकिस्तान के बांगलादेश से संबंधों की भी जरा बात कर लीजिए। 1971 तक बांग्लादेश हिस्सा था, पाकिस्तान का। अब दोनों जानी दुश्मन हैं। दोनों एक-दूसरे को फूटी नजर भी नहीं देख पाते। क्यों? बांग्लादेश ने 1971 के नरसंहार के गुनाहगार और जमात-ए-इस्लामी के नेता कासिम अली को फांसी पर लटकाया तो पाकिस्तान को तकलीफ होने लगी। बांग्लादेश ने साफ शब्दों में कह दिया कि वह पाकिस्तान की ओर से उसके आतंरिक मसलों में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। दोनों मुल्कों के संबंधों में तल्खी को समझने के लिए इतिहास के पन्नों को खंगाल लेना सही रहेगा।

शेरे-ए-बंगाल कहे जाने वाले मुस्लिम लीग के मशहूर नेता ए.के.फजल-उर- हक ने ही 23 मार्च,1940 को लाहौर के मिन्टो पार्क (अब जिन्ना पार्क) में मुस्लिम लीग के सम्मेलन में पृथक राष्ट पाकिस्तान का प्रस्ताव रखा था। उस तारीखी सम्मेलन में संयुक्त बंगाल के नुमाइंदों की बड़ी भागेदारी थी। वे सब भारत के मुसलमानों के लिए पृथक राष्ट्र की मांग कर रहे थे। सात साल के बाद 1947 में पाकिस्तान बना और फिर करीब 25 बरसों के बाद खंड-खंड हो गया। ईस्ट पाकिस्तान बांग्लादेश के रूप में दुनिया के मानचित्र पर सामने आता है।

यानी पाकिस्तान से एक और मुल्क निकला। और, जो दोनों मुल्क कभी एक ही मुल्क के हिस्सा थे, अब एक-दूसरे की जान के प्यासे हो गए हैं। 1971 में जिस नृशंसता से पाकिस्तानी फौजों ने ईस्ट पाकिस्तान के लाखों लोगों का कत्लेआम किया था, उसको लेकर ही दोनों मुल्क लगातार आमने-सामने रहते हैं।मैं स्वयं इस नरसंहार का प्रत्यक्षदर्शी हूँ।मैं उस समय युद्ध संवाददाता के रूप में लगभग डेढ़ वर्ष भारतीय सेना के साथ बांग्लादेश के स्वतंत्रता आंदोलन में रहा था।बांग्लादेश में उस कत्लेआम के गुनाहगारों को लगातार साक्ष्य के आधार पर न्यायालय से दंड मिलता रहा है। यह बात पाकिस्तान को गले नहीं उतरती। पाकिस्तानी सीरियलों और नाटकों में बांग्लादेशियों को बेहद हिकारत से दिखाया जाता है। उन्हें दोयम दर्जे का इंसान बताया जाता है। अब समझ लें कि पाकिस्तान समाज कितनी बेशर्मी से बांग्लादेशी मुसलमानों का मजाक बनाता है। वैसे पाकिस्तान अपने को सारी दुनिया के मुसलमानों के पक्ष में खड़ा होने का दावा करता है।बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की भी पाकिस्तान से शिकायत रही है कि वह हर उस मौके पर बांग्लादेश सरकार को कोसता है जब वहां पर 1971 के मुक्ति संग्राम के गुनाहगारों को फांसी दी जाती है। यानी पाकिस्तान से सब नाखुश और नाराज हैं।

इस बीच, पाकिस्तान में तो आजकल हाहाकार मच हुआ है। महंगाई के कारण आम पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज है। रमजान के महीने में लोग भारी कष्ट उठा रहे हैं। बेरोजगारी,अराजकता, कठमुल्लों और मोटी तोंद वाले सेना के अफसरों ने पाकिस्तान को तबाह कर दिया है। ये स्थिति दुखद और दुभार्ग्यपूर्ण है। पर इस स्थिति के लिए पाकिस्तान खुद ही जिम्मेदार है। उसने शिक्षा की बजाय सेना के बजट को बढ़ाया है। इसलिए वह लगातार गर्त में जा रहा है। उससे इस्लामिक देश भी संबंध बनाकर रखने को तैयार नहीं हैं।

(यह लेखक के अपने विचार हैं)

# टीएमयू इंजीनियरिंग और आईटी के 40 छात्रों की नई उड़ान



## प्रिकोल लिमिटेड में हुए चयनित, कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने उम्मीद जताई, ये स्टुडेंट्स टीएमयू के संग-संग अपने परिवार का भी नाम रोशन करेंगे

**खबरों की दुनिया**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग विभाग के 40 मेधावी छात्रों का प्रिकोल लिमिटेड में चयन हुआ है। प्रतिष्ठित प्रिकोल लिमिटेड में टेक्निकल ट्रेनी के पद के लिए स्टुडेंट्स का सलेक्शन हुआ है। प्लेसमेंट ड्राइव में प्रिकोल की तरफ से टीएमयू के छात्रों के ज्ञान को अपनी कसौटी पर परखा गया। कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन बोले, प्रिकोल लिमिटेड में 40 स्टुडेंट्स का चयन होना टीएमयू के लिए उपलब्धि से कम नहीं है। हमें विश्वास है कि हमारे स्टुडेंट्स वहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। टीएमयू के संग-संग अपने परिवार का भी नाम रोशन करेंगे। एफओई के प्राचार्य प्रो. आरके द्विवेदी चयनित स्टुडेंट्स को हार्दिक बधाई देते हुए बोले, प्रिकोल लिमिटेड के साथ यह सहयोग टीएमयू के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे इंजीनियरिंग शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे।

सलेक्ट होने वालों में यश कुमार, मानस सिंह, मो. मशरूफ, मो. आरिफ, सोनू, दीपक कुमार, नवीन कुमार, दीपक जैन, यश जैन आदि शामिल हैं। चयन प्रक्रिया में एसएमटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स प्रिकोल लिमिटेड के हेड राजीव सक्सेना, रीजनल हेड मदन यादव और सीनियर मैनेजर दिनेश चंद्र आदि शामिल रहे।

सलेक्ट होने वालों में डिप्लोमा ईई के 13, सीएस के 09 साथ बीटेक एमई के 07, एमई के 05 छात्र समेत दीगर कोर्सेज के छात्र शामिल हैं। कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर-सीआरसी के ज्वाइंट डायरेक्टर सिद्धार्थ सिंह ने कहा, एक साथ 40 छात्रों का चयन होना गर्व का विषय है। उन्होंने प्रिकोल लिमिटेड की टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई, टीएमयू ओर प्रिकोल भविष्य में भी साथ मिलकर काम करेंगे।

चयन प्रक्रिया के दौरान कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर विभाग की ओर से रितेश कुमार श्रीवास्तव, दानिश रहमानी, खुशवंत, सुधांशु आदि मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है, तमिलनाडू में 1975 में स्थापित प्रिकोल ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी की कम्पनी है।

# शैक्षिक नवाचारों के साथ भौतिक सुविधाओं का किया विस्तार

## सोनल के जज्बे ने बदली सरकारी स्कूलों की तस्वीर

**प्रकाश चंद्र शर्मा**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

नीयत साफ हो जिनकी उनके कदमों में जमी होती है, आसमां में उड़ने वालों को कब सितारों की कमी होती है.....। किसी कवि की यह पंक्तियां सलूंबर जिलांतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केवड़ा खुर्द में कार्यरत शिक्षिका डॉ.सोनल कंठालिया पर चरितार्थ होती हैं। डॉ. कंठालिया विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सामाजिक उन्नयन के साथ-साथ विद्यालयों के भौतिक विकास को लेकर नवाचारों की पर्याय बन चुकी हैं। आपके जज्बे के कारण आज जिले के जनजाति अंचल के कई सरकारी विद्यालयों की तस्वीर ही बदल गई और आज ये स्कूल किसी निजी विद्यालय की भांति चमचमाते रंगीन फर्नीचर और आकर्षक ट्रेक सूट पहने खिलाड़ियों के कारण चहचहाते नज़र आ रहे हैं।

डॉ. कंठालिया एक तरफ जहां वह विद्यार्थियों और शिक्षकों की क्षमतावर्द्धन को लेकर समय-समय पर तैयार होने वाले विभागीय प्रकाशनों के संपादन और लेखन कार्यों में सतत जुड़ी हैं, वहीं दूसरी ओर स्कूल में बच्चों को भौतिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भामाशाह प्रेरक के रूप में भी अच्छी साख स्थापित कर चुकी हैं। उनके निस्वार्थ भाव से किए गए बहुआयामी योगदान को लेकर हाल ही नवगठित सलूम्बर जिले के पहले गणतंत्र दिवस समारोह में जिला प्रशासन की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया है। उदयपुर शहर के सेक्टर 11 क्षेत्र की निवासी डॉ. कंठालिया 14 सितंबर 2012 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय



अमरपुर गिर्वा में अध्यापिका लेवल-2 अंग्रेजी के पद पर नियुक्त हुईं। बाद में विभागीय प्रक्रिया के अंतर्गत 22 फरवरी 2018 से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केवड़ा खुर्द में सेवाएं दे रही हैं। अपने सेवा काल में उन्होंने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिए।

### सरकारी स्कूल की बदली फिजां

विद्यालयों में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने, विभागीय लेखन में सहयोग के साथ ही डॉ कंठालिया स्कूलों के भौतिक विकास में भी अग्रणी हैं। निजी स्कूलों की तर्ज पर राजकीय विद्यालयों में बच्चों को आकर्षित करने के लिए वातावरण निर्माण, रंगीन फर्नीचर आदि की व्यवस्था में बतौर प्रेरक सराहनीय कार्य किए। डॉ. कंठालिया अपने पदस्थापन वाले दोनों विद्यालयों सहित पीईईओ क्षेत्र में शामिल सभी विद्यालयों के लिए 10 लाख रूपए से अधिक की सामग्री भामाशाहों को प्रेरित करके दिलवा चुकी हैं।उन्होंने शहर के एक निजी विद्यालय से अतिरिक्त रंगीन फर्नीचर और ट्रेक सूट को खरीद कर ग्रामीण अंचल के कई सरकारी स्कूलों को निःशुल्क उपलब्ध कराया है। इसके साथ ही उन्होंने टेबल कुर्सी, बेंच, माइक सेट, अलमारी, कप्यूटर टेबल आदि भी कई विद्यालयों को भेंट करवाया है। इतना ही नहीं केवड़ा खुर्द ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए फर्नीचर, स्वेटर आदि की भी व्यवस्था कराई। साथ ही राष्ट्रीय कार्यक्रम पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण में पोलियो खुराक के लिए माताओं को प्रोत्साहित कर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र की टीम को सहयोग प्रदान किया।

### शैक्षणिक उन्नयन में कलम से योगदान

अंग्रेजी विषय में पीएचडी डॉ. कंठालिया लेखन कार्य से भी जुड़ी हुई हैं। विद्यालयों में नवाचार से लेकर बच्चों के लिए शैक्षिक सामग्री तैयार करने से जुड़े विभिन्न विभागीय प्रकाशनों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। नटखट शिक्षक मार्गदर्शिका के कंटेंट निर्माण, सफल (एफएलएन) शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल निर्माण, डायट उदयपुर में प्रभाग स्तरीय एक्शन रिसर्च, डायट उदयपुर में प्रभाग स्तरीय केस स्टडी, एनएएस प्रश्न पत्र निर्माण, एनएमएमएस, एससीएफ निर्माण, एनईपी-2020 आधार पत्र निर्माण, एससीएफ फोकस पेपर ट्रांसलेशन आदि में योगदान दिया है। नया शिक्षक एवं विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में भी समय-समय पर लेख प्रकाशित हुए हैं।

### विद्यार्थियों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण का भी परिचय

डॉ कंठालिया विद्यार्थियों के प्रति अपने मधुर व्यवहार के चलते विद्यार्थियों की पसंदीदा शिक्षिका भी हैं। जरूरतमंद विद्यार्थियों को समय-समय पर स्वेटर, उत्तर पुस्तिकाएं टेबल बुक, डिक्शनरी, ट्रैकसूट, टी शर्ट, केप, स्कूल बैग आदि उपलब्ध करवाएं। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केवड़ा खुर्द के कक्षा आठवीं के विशेष आवश्यकता वाले छात्र भूपेश मीणा को एवं उसके पिता को प्रोत्साहित कर आर्टिफिशियल लेग लगवाने में भी सहायता की।

### काम को मिला सम्मान

शिक्षण के नियमित कार्य के अतिरिक्त विद्यालयों के शैक्षिक एवं भौतिक उन्नयन के लिए किए गए प्रयासों को लेकर डॉ कंठालिया को गत वर्ष ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त शैक्षिक, सह शैक्षिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मौलिक संस्थान एवं सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मेला 2023 में मौलिक शिक्षक गौरव सम्मान से नवाजा गया। पुरस्कृत शिक्षक परिषद द्वारा श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान, रेडियो सिटी एवं वंडर सीमेंट द्वारा वंडर वुमन सम्मान, लाइंस क्लब, दैनिक भास्कर, लायंस क्लब अरावली, आदिनाथ सीनियर सेकेंडरी शिक्षण संस्थान, रोटरी क्लब, महावीर जैन श्वेतांबर समिति आदि संस्थाओं द्वारा श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत किया गया। हाल ही में उन्होंने सलूंबर जिले में आयोजित जयसमंद फेस्टिवल में भी मैं जयसमंद हूं, विषयक एक पावर प्वाईंट प्रस्तुति से मौजूद लोगों का मन मोह लिया था।

(यह लेखक के अपने विचार हैं)

# कविता- फाल्गुन



फाल्गुन आया और तुम आएं
तुम्हें देख कर मेरे अधरों पे
मुस्कान कभी आएं,
कभी जाएं ।
मध्यम गति से पुरवा भीं,
अब खेतों में चलती जाएं

पोखर का पानी भी
अब शांत पड़ा है।
बीच खेतों में खड़ा बिजूका भी
जैसे अपनी जिद पर अड़ा है।
प्रकृति ने भी ओढ़ ली है।
हरी पीली चुनरिया
जैसे अब तैयार हों ।
अपने परिणय (विवाह ) के लिए
इधर हरिए तोते और सोन चिरैया
भी
मंगल गीत गाने लगें है।
वो बैलों के गलें में पड़े घुंघरू भीं
धीमी धीमी आवाज में बज रहे हैं।
जैसे बज रही हो तोरण द्वार पर
हमारे विवाह की शहनाई ।
फाल्गुन आया और तुम आएं..



**डॉ.कांता मीना**
**शिक्षाविद् एवं साहित्यकार**

# व्यय पर्यवेक्षक तरुण कुमार ने ली निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर बैठक



**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव, 2024 के लिये धौलपुर जिले के लिए नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक तरुण कुमार ने बुधवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में व्यय पर्यवेक्षक ने पुलिस, आबकारी, आयकर लीड बैंक, एफएसटी, स्थैतिक दलों द्वारा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिए कि बैंकों के संचालन वाली राशि के आवागमन तथा बैंक खातो में होने वाले संदिग्ध लेन-देन पर कडी नजर रखें। इस दौरान उन्होंने सहायक व्यय पर्यवक्षेक को भी आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु छाया रजिस्टर को सुप्रबंधित रखा जाये एवं मुफ्त सामग्री वितरण न हो इस हेतु कड़ी नज़र रखी जाये। उम्मीदवारों के निर्वाचन व्यय सहायकों को नियमों एवं शर्तों के बारे में भली प्रकार से अवगत करायें ताकि कोई भी व्यवधान न हो। बैठक में निर्वाचन व्यय से संबंधित वैधानिक प्रावधानों, अवैधानिक व्यय, निर्वाचन व्यय के प्रकार, लेखों के निरीक्षण एवं निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा के प्रावधानों आदि के बारे में चर्चा की गई। साथ ही व्यय टीमों के अधिकारियों के रजिस्टर, प्रपत्रों, खर्चों के हिसाब किताब रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने व्यय पर्यवेक्षक को जिले में चुनाव प्रक्रिया के सुचारू संपादन हेतु गठित सभी दलों के बारे में जानकारी देते हुए अब तक की गई कार्यवाही के बारें में बताया। अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक कमल कुमार ने कानून व्यवस्था तथा निगरानी दलों के द्वारा संपादित गतिविधियों, सुरक्षा व्यवस्था हेतु गठित दलों तथा निगरानी दलों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मलाल जाट, सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक व्यय पर्यवेक्षक एवं निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से संबंधित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

व्यय पर्यवेक्षक ने जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी, पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, उपजिला निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मलाल जाट, वीडियो व्यूइंग टीम, वीडियो सर्वेलान्स टीम, एमसीसी, सीविजिल आदि के साथ निर्वाचन व्यय पर चर्चा की और जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान एवं उम्मीदवारों एवं राजनीतिक दलों को निर्वाचन व्यय एवं लेखों का नियमानुसार संधारण करने एवं लिखे प्रस्तुत करने का संदेश दिया।

### व्यय पर्यवेक्षक से कर सकेंगे सम्पर्क

व्यय पर्यवेक्षक तरुण कुमार का कार्यालय सक्रिट हाउस स्थित कमरा नं. 3 में संचालित किया जा रहा है। उनके कार्यालय का दूरभाष नं. 05642-299135 तथा मोबाइल नम्बर 7665954312 है। कोई भी व्यक्ति, राजनीतिक दल का प्रतिनिधि, उम्मीदवार संपर्क उनकी ई-मेल आईडी पर सम्पर्क कर सकते हैं। व्यय पर्यवेक्षक की अनुपस्थिति में संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय पर्यवेक्षक से य कन्ट्रोल रूम नम्बर 05642-22033 या 1950 अथवा सी-विजिल एप के माध्यम से सम्पर्क कर सकते हैं।



### व्यय पर्यवेक्षक ने किया सागरपाडा चैक पोस्ट का निरीक्षण लिया व्यवस्थाओं का जायजा

लोकसभा आम चुनाव, 2024 के लिये धौलपुर जिले के लिए नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक तरुण कुमार ने बुधवार को अंतरराज्यीय चेक पोस्ट सागरपाडा का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । उन्होंने निर्वाचन की दृष्टि से अवैध सामग्रियों के सीजर इत्यादि पर स्थैतिक निगरानी दल को विस्तृत निर्देश दिये। इस मौके पर कोतवाली थानाधिकारी प्रवेंद्र रावत उपस्थित रहे।

## लोकसभा आम चुनाव-2024

# चुनावी गतिविधियों में बालकों का उपयोग नहीं करने के निर्देश

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

धौलपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 में चुनावी गतिविधियों में बालकों का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिये हैं। बाल श्रम अधिनियम 1986 में बच्चों के कार्य की स्थितियों को विनियमित करने और कानून के उल्लंघन पर दण्ड का प्रावधान करता है। आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन मशीनरी को निर्वाचन संबंधी किसी भी कार्य गतिविधि में बाल श्रम की भागीदारी को रोकना चाहिए। राजनैतिक दलों, उम्मीदवारों एवं उनके अभिकर्ताओं आदि निर्वाचन संबंधी किसी भी कार्य या गतिविधि में बाल श्रम की भागीदारी को रोकना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाल श्रम अधिनियम के संशोधित अधिनियम 2016 के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन नहीं किया है। राजनैतिक दलों को किसी भी रूप में चुनाव अभियान, रैली, पोस्टर, पेम्फलेट वितरण, नारे बाजी, चुनावी बैठकों आदि में बालकों का उपयोग नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया है।

राजनैतिक नेताओं, उम्मीदवारों को किसी भी रूप में बालक को गोद में लेने, बालक को अपने वाहन में ले जाने या बालक को चुनाव अभियान, रैली का हिस्सा बनाने, चुनाव अभियान, चुनाव प्रचार आदि में बालकों का उपयोग नहीं करना चाहिए।

# आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवार के अपराध की जानकारी का 3 बार करवाना होगा प्रकाशन व प्रसारण

**धौलपुर/करौली ● खबरों की दुनिया**

### उम्मीदवार व राजनैतिक दल को सी-1 व सी-2 में देनी होगी जानकारी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर करौली-धौलपुर संसदीय क्षेत्र में चुनाव में भाग ले रहे उम्मीदवारों को एवं राजनैतिक दलों को, अगर आपराधिक पृष्ठभूमि से जुड़े है, तो वे फॉर्म सी-1 व सी-2 में तीन बार विज्ञापन देकर जानकारी साझा करेंगे। माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अनुपालना में आयोग ने अभ्यर्थियों के आपराधिक रिकॉर्ड यदि कोई हो तो उन्हें प्रसारित करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। राजनैतिक दलों तथा अभ्यर्थियों के आपराधिक मामलों के प्रचार-प्रसार के लिये उन्हें फॉर्म सी-1 व सी-2 के द्वारा राष्ट्रीय व स्थानीय समाचार पत्रों एवं टीवी चैनल्स में प्रसारित करवाना होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों को सी-1 एवं सी-2 प्रारूप में प्रकाशन की समयावधि इस प्रकार होगी। प्रथम प्रचार दिनांक 31 मार्च 2024 से 3 अप्रैल 2024 तक, द्वितीय प्रचार 4 अप्रैल से 7 अप्रैल 2024 के बीच एवं तृतीय प्रकाशन 8 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 के मध्य प्रकाशित/प्रसारित करवाना होगा।

फार्मेट सी-1 में अभ्यर्थी द्वारा अपने अपराधिक रिकॉर्ड की सूचना निर्वाचन अवधि के दौरान निर्वाचन क्षेत्र में व्यापक रूप से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्रों में न्यूनतम फॉन्ट साईज 12 एवं संबंधित क्षेत्र में उपलब्ध लोकप्रिय राष्ट्रीय/स्थानीय टीवी चैनलों में प्रसारण का समय प्रातः 8 बजे से रात्रि 10 बजे के मध्य न्यूनतम 7 सैकेण्ड के लिये करवाना होगा। अभ्यर्थता वापिस लेने की अंतिम तिथि के बाद और मतदान की तिथि से दो दिन पहले के दौरान तीन अवसरों पर अलग-अलग तिथियों को प्रकाशित प्रसारित करवाकर इसकी तत्काल सूचना आरओ को देनी होगी। इसी प्रकार फार्मेट सी-2 राजनैतिक दलों के द्वारा अपने अभ्यर्थियों के संबंध में अपराधिक रिकॉर्ड की सूचना राज्य में व्यापक रूप से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्रों तथा टीवी चैनलों में तीन अवसरों पर अलग-अलग तिथियों में प्रकाशित प्रसारित करवानी होगी।

# (एसएफडी) ने पर्यावरण को लेकर संगोष्ठी का किया आयोजन

**बसेड़ी ● खबरों की दुनिया**

अभाविप धौलपुर इकाई के विकासार्थ विद्यार्थी कार्यकर्ताओं द्वारा




'सतत विकास और युवाओं की भूमिका' के निमित्त धौलपुर पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी गिरीश कुमार गर्ग, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विकासार्थ विद्यार्थी के राष्ट्रीय प्रमुख राहुल गौड़ एवम अभाविप के प्रांत मंत्री अभिनव सिंह रहे। इस अवसर पर विकासार्थ विद्यार्थी के राष्ट्रीय प्रमुख राहुल गौड़ ने बताया कि विकासार्थ विद्यार्थी जल, जंगल, जमीन, जन, जानवर की अवधारणा व प्रकृति सुरक्षा संवर्धन के लिए कार्य करने वाला छात्र संगठन हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरीश गर्ग ने कहा कि विद्यार्थी के द्वारा सफाई अभियान चलाकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने के प्रयास करते रहने चाइए। जिला संयोजक धीरेंद्र कुशवाह ने बताया कि स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रांत मंत्री अभिनव सिंह, जिला संगठन मंत्री रोहित चतुर्वेदी, जिला संयोजक धीरेंद्र कुशवाह, जिला कार्यालय मंत्री विकास अग्रवाल, जिला एसएफडी टोली संयोजक आकाश दिवाकर, नीरज शर्मा, देवेश सैन, विष्णु भारद्वाज, नवीन दुबे, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने जिले के वृत्ताधिकारियों, थानाधिकारियों की क्राइम मीटिंग लेकर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

### पुलिस अधिकारियों, पुलिसकर्मियों को क्वालिटी ऑफ वर्क एवं भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस के साथ काम करने का दिया संदेश



**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने आज पुलिस लाईन के सभागार में जिले के सभी वृत्ताधिकारियों, थानाधिकारियों की क्राइम मीटिंग लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस मुख्यालय एवं महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज राहुल प्रकाश द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियानों की समीक्षा करते हुए अभियानों में और अधिक कार्यवाही करने, लंबित चल रहे प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण करने, गम्भीर प्रकृति के अपराधों पोक्सो एससी/एसटी एक्ट, दहेज हत्या, हत्या आदि में वांछित चल रहे एवं ईनामी अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये है। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने जिले के वृत्ताधिकारियों, थानाधिकारियों के माध्यम से जिले के सभी पुलिसकर्मियों को क्वालिटी ऑफ वर्क और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति से काम करने का संदेश दिया है। जुआ-सट्टा, शराब माफियाओं, भू माफियाओं, कारोबारियों को धमकी देने वालों, सूदखोरी करने वालों एवं अवैध हथियार व मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों को अपने अपने थाना इलाकों में चिन्हित कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। वांछित अपराधियों की विशेष कार्ययोजना बना कर गिरफ्तारी करने, एच.एस. अपराधियों को नियमित रूप से चैक करने, राजपाशा, एन.एस.ए. व गुंडा एक्ट में अधिक से अधिक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये है। सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आईआरडीए एप पर दुर्घटना स्थल से डाटा फीड करने के निर्देश दिये है। अनसुलझे लंबित चल रहे प्रकरणों का रिव्यू कर उनकी गुत्थी सुलझाने के लिए विशेष प्रयास करने, सोशल मीडिया पर भ्रामक, भडकाउ एवं अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने, थानों पर परिवादियों की सही सुनवाई करने के भी निर्देश दिये गये है। इसके साथ बिना नम्बरी वाहनों, बिना हेलमेट, बिना सीट बैल्ट वाहन चलाने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने सहित अन्य यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये है। इसके साथ थानों/कार्यालयों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिये गये है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धौलपुर मनोज शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ मुख्यालय बाडी कमल कुमार जांगिड, वृत्ताधिकारी वृत्त धौलपुर तपेन्द्र मीणा, वृत्ताधिकारी वृत्त सैंपउ राव आनंद, वृत्ताधिकारी वृत्त मनियां राजेश कुमार शर्मा, वृत्ताधिकारी वृत्त बाडी नरेन्द्र कुमार सहित जिले के सभी थानों के थानाधिकारीगण एवं कार्यालय की शाखाओं के प्रभारीगण उपस्थित रहें।

# दस्त नियंत्रण पखवाड़े के उत्कृष्ट क्रियान्वयन में धौलपुर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर, स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**




नौनिहालों को डायरिया से बचाने के लिए चलाए गए सशक्त दस्त नियंत्रण पखवाड़े के उत्कृष्ट क्रियान्वयन में धौलपुर जिले का पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मंगलवार को जयपुर में सम्मान किया गया। राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान जयपुर में आयोजित कार्यशाला में निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत राणावत ने आईडीसीएफ के क्रियान्वयन में प्रथम रहने पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिले की ओर से जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा और जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण कुमार अवस्थी ने स्मृति चिन्ह गृहण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंती लाल मीणा ने बताया कि मंगलवार की शिफु जयपुर में नवजात बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में आगामी कार्ययोजना तैयार करने हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्य शाला में बाल स्वास्थ्य के लिए एक्शन प्लान पर चर्चा की गई। इसी के साथ साथ बच्चों के स्वास्थ्य के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों में बेहतर कार्य करने वाले जिलों को सम्मानित भी किया गया। उन्होंने बताया कि दस्त बाल मृत्यु के मुख्य कारकों में से एक है। इसलिए बरसात के मौसम में 5 वर्ष तक के बच्चों को डायरिया से बचाने हेतु गत 17 से 31 अगस्त तक सशक्त दस्त नियंत्रण पखवाड़े का आयोजन किया गया था। जिसके तहत 1 लाख 57 हजार 111 बच्चों को घर घर जाकर ओआरएस तथा जिंक की गोलियों का वितरण किया गया।

आमजन को दस्त रोग से बचाव और उपचार की गतिविधियों से अवगत कराया गया, चिकित्सा संस्थाओं पर ओआरएस कॉर्नर भी स्थापित किए गए। सीएमएचओ डॉ. मीणा ने इस उपलब्धि के लिए अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव मीणा, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा, जिला कार्यक्रम अधिकारी शशांक वशिष्ठ सहित जिले की चिकित्सा विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है।

# परशुराम चेरिटेबल ट्रस्ट ने हृदयांश के पुलिस अधीक्षक को दिए चेक



**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

परशुराम चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष पीसी बोहरा व ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा हृदयांश को दुर्लभ बीमारी से ग्रसित बेटे के इलाज के लिए परशुराम चेरिटेबल ट्रस्ट के खाते से हृदयांश 361500 रूपये सहयोग राशि का चेक पुलिस अधीक्षक ऑफिस मैं भेंट किया। अध्यक्ष पी सी बोहरा ने ट्रस्ट के अन्य सदस्यों एवम प्रबुद्ध जनों के साथ एसपी सुमित मेहरडा से भेंट कर हृदांश की तबीयत के बारे में चर्चा की। परशुराम चेरिटेबल ट्रस्ट के अनुराग मुदगल ने बताया कि डॉक्टरों के मुताबिक 24 महीने की उम्र से पहले उसे लाइफ सेवर जोल्जेंस्मा इंजेक्शन लग जाना चाहिए, तभी उसकी जान बच सकेगी। इस मौके पर समाज के ट्रस्टी व प्रबुद्ध जन इस पुनीत कार्य मे साथ रहे शिवकांत शर्मा लज्जाराम शर्मा नायला, वासुदेव शर्मा, बालमुकुंद शर्मा, शिवशंकर शर्मा सतीश मैनेजर, श्रीनिवास शर्मा राजेश तिवारी, रामगोपाल शर्मा, रमेश मछरिया मिठ्ठन लाल शर्मा, प्रशांत हुंडावाल (प्रिंस) अनुराग मुद्गल, गौरव पाठक, आदि लोग मौजूद रहे।

# खाद्य पदार्थों के लिए नमूने, मिलावट की पुष्टि होने पर की जायेगी कठोर कार्यवाही

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**




होली के त्यौहार को देखते हुए आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे है। जिला कलक्टर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयंती लाल मीणा द्वारा गठित टीम ने आज खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही करते हुए अग्रवाल मिष्ठान भंडार से पनीर तथा मावा के नमूने लिए। अमित फूड प्रोडक्ट मनियां से दूध पाउडर के 3 नमूने,कलाकंद तथा सूजी के 1- 1 नमूने लिए। सीएमएचओ डा. मीणा ने बताया कि लिए गए नमूनों को जांच के लिए प्रयोग शाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट में मिलावट की पुष्टि होने पर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। होली के त्यौहार को देखते हुए खाद्य पदार्थों के नमूने लेने का कार्य लगातार जारी है। इसके साथ ही मिलावट के प्रति जागरूक करने के तथा आमजन को स्वस्थ एवं स्वच्छ खाद्य पदार्थ सेवन के बारे मे जागरूक किया जा रहा है।

# आठवीं कक्षा का विदाई समारोह मनाया धूमधाम से



**बाड़ी ● खबरों की दुनिया**

स्थानीय विद्यालय में 8 वीं कक्षा का विदाई समारोह मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ACBEO सरमथुरा रामगोपाल मीना एवं विशिष्ठ अतिथि RP- पीतम सिंह मीना उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को विद्यालय स्टाफ द्वारा बैग वितरण किए गए और छात्र छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अध्यापक समेशपाल, सोनपाल प्रजापत, सुभाष सैन द्वारा सभी क्च्चों को स्कूल बैंग वितरित किये। इस पुनीत कार्य के लिए रामगोपाल मीना, पीतम सिंह मीना संस्था प्रधान राधेश्याम मीना, कमल सिंह मीना peeo रामकुमार गोयल, केशव त्रिपाठी, ग्यासीराम रावत, रामलखन शर्मा व रामअवतार सिंह आदि ने सराहना की।

# सामाजिक सामंजस्य बिठाकर काम करूंगा : प्रशांत हुंडावाल



**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

प्रशांत हुंडावाल को परशुराम चैरिटेबल ट्रस्ट के युवा अध्यक्ष बनाए जाने पर पीतांबरा भक्त मंडल द्वारा हरदेव नगर पर माला, साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रशांत हुंडावाल ने कहा कि समाज के वृद्धजनों द्वारा दी गई जिम्मेदारी एवं आशीर्वाद को मैं जिम्मेदारी पूर्वक निभाने का पूरा प्रयास करूंगा। ब्राह्मण समाज के साथ-साथ अन्य समाज एवं अन्य धर्मो में भी सामाजिक सामंजस्य बैठा कर भाईचारे की मिशाल कायम करूंगा द्य इस अवसर पर पीतांबरा भक्त मंडल के चंद्रकांत सक्सेना, अश्विनी श्रीवास्तव, रामकुमार दादा, राजकुमार शर्मा, मुकेश सक्सेना, एडवोकेट राज बहादुर सिसोदिया, कमलजीत सिंह, लोकेंद्र सिंह, केदार सिंह, हल्ला बोल के संजोयक प्रमोद शर्मा, रवि शिवहरे, सचिन जदोन, सचिन शर्मा, रवि शिवहरे ववा, रामनरेश शर्मा, अजय राठौड़ अशोक शिवहरे, राहुल विधूड़ी आदि उपस्थित रहे।

# हृदयांश की मदद के लिए जिला पुलिस अधीक्षक को दी राशि

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनियां के द्वारा चिकित्सा प्रभारी डॉ.संगीता गुप्ता और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. जनार्दन सिंह परमार एवं सीनियर नर्सिंग ऑफिसर धनीराम शर्मा के निर्देशन में सीएचसी मनियां परिवार के द्वारा समस्त कार्मिकों के स्वेच्छिक सहयोग से एकत्रित की गई सहायतार्थ राशि 47,151 रुपए को जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर सुमित मेहरड़ा को नर्सिंग ऑफिसर केशव देव मल्हैला एवं फार्मासिस्ट विश्वेश शर्मा के तत्वाधान में समर्पित किया गया। इस अवसर पर सीनियर नर्सिंग ऑफिसर धनीराम शर्मा, शेर सिंह, राजेश कुमार मीणा रविन्द्र शर्मा कार्मिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनियां उपस्थित रहे ।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## विद्यालय में दिया सहयोग



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक विभाग में बुधवार को कक्षा प्रभात के विद्यार्थी का जन्म दिवस भारतीय परंपरा अनुसार मनाया। इस अवसर पर अभिभावक जगदीश कुमार प्रियंका ने विद्यालय में पंखा भेंट किया। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्या पूनम चतुर्वेदी सहित विद्यालय स्टाफ अभिभावक मौजूद रहे।

## बिजली घर की आवासीय कॉलोनी में बनेंगे स्पेशल आवास

### पालिका ने जारी की एनओसी

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** राजस्थान परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी में टाईप 4 व टाइप सी स्पेशल आवासो के निर्माण के लिए नगर पालिका ने अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया। भारतीय मजदूर संघ महामंत्री बृजेश पेंत ने बताया कि पिछले वर्ष मुख्यालय प्रबंधन द्वारा 150 टाईप 4 व 75 टाईप सी स्पेशल श्रेणी के आवासो के निर्माण का अनुमोदन किया था। भारतीय मजदूर संघ में वर्ष 2012 के मान्यता कल से ही इस संदर्भ में प्रयास शुरू किए थे। विगत वर्ष मुख्यालय प्रबंधन के अनुमोदन के बाद आवासों का निर्माण कार्य शुरू होना था। जिसके लिए नगर पालिका रावतभाटा ने अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया। जिस पर भारतीय मजदूर संघ ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भुवन चंद्र पाठक मुख्यालय प्रबंधन स्थल निदेशक सुनील गाडगिल सांसद सीपी जोशी क्षेत्रीय विधायक डॉ सुरेश धाकड़ नगर पालिका अध्यक्ष मधु कंवर हाडा सहित जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

## वृद्ध जन समारोह में 162 लोगों का किया सम्मान



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** समग्र दिगंबर जैन बघेरवाल सामाजिक संस्था मेवाड़ प्रांत एवं कंचन बाई बापू लाल मोहिवाल जैन चैरिटेबल ट्रस्ट बोराव तारा संस्थान उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में वृद्ध जन समारोह का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में 162 पुरुष महिलाओं का शॉल उड़ाकर माला पहनाकर स्मृति चिन्ह देखकर सम्मान किया। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष निर्मल कुमार जैन ने कहा कि ऐसे समारोह होते रहना चाहिए। कंचन बाई बाबूलाल जैन चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष भगवती लाल जैन ने मेवाड़ प्रांत में जैन समाज के अलावा अन्य समाजों के वृद्ध जन तारा संस्थान से सेवाएं लेने की बात कही। जैन समाज अध्यक्ष कल्याणमल जैन ने आयोजन की सराहना करते हुए सभी का आभार जताया। तारा संस्थान उदयपुर के अध्यक्ष कल्पना गोयल ने संस्थान की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर निर्मला कच्छावा रमेश खड़ी दीपेश मित्तल नेमीचंद जैन मुकेश धनोपिया निर्मल जैन पुष्प चंद्र जैन भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील जैन ममता जैन शकुंतला जैन सहित लोग मौजूद रहे। बालिकाओं ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन अलका जैन ने किया।

## थाना भुसावर पुलिस ने शांतिभंग में 6 तो आरएनसी एक्ट में एक जने को गिरफ्तार किया



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** पुलिस महानिरीक्षक रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश आईपीएस व जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर मृदुल कच्छावा द्वारा दिये गये निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयनारायण मीणा आरपीएस व सीओ भुसावर धर्मेन्द्र शर्मा के निकटतम सुपरवीजन में थाना प्रभारी सुनील गुप्ता के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने खानपुर निवासी 22 बर्षीय नन्दकिशोर पुत्र खेमसिंह जाट, सैंधली निवासी जीतेन्द्र उर्फ कुक्कू पुत्र रमेश मीना, सौंखर निवासी लक्की कुमार पुत्र प्यारेलाल जाटव, सौंखर निवासी कुशल पुत्र प्यारेलाल जाटव, रीमा पत्नी लक्की कुमार पुत्री रामनिवास निवासी निठार एवं कमलेश पत्नी रामनिवास जाटव को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वहीं थाना नदबई के गॉव गुबरउआ निवासी सुरजीत पुत्र बाबूलाल जाति जाटव को आरएनसी एक्ट में गिरफ्तार कर अनुसंधान किया जा रहा है।

# अलवर के नये शिक्षक नई तकनीक के साथ बढ़ाएंगे अपनी क्षमताएं : अश्वत्थ टीम

खबरों की दुनिया



**अलवर।** नई शिक्षा नीति के तहत निर्धारित समय में तय लक्ष्यों को अर्जित करने के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर अलवर व जयपुर में नींव फैलोशिप कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के लिए महात्मा गाँधी स्कूल रामगढ़ में नये शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, रामगढ़ कार्यालय से रमेश गाँधी, जितेन्द्र कुमार मोदी, श्यामलाल एवं प्रिंसिपल अर्पणा दुबे ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा सौभाग्य है कि इस प्रोग्राम के तहत हमारे विकास खण्ड को चुना गया ताकि नई शिक्षा नीति के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप हमारे शिक्षकों को उस तरह के कक्षा कक्ष तैयार करने और नई तकनीक के साथ बच्चों के साथ शिक्षण कार्य करने के लिए क्षमता वर्धन करने में अश्वत्थ टीम हमारा सहयोग करेंगे, जिससे हमारे स्कूल अच्छे स्कूल के रूप में उभर कर आयेंगे। हमारी तरफ से हम अश्वत्थ टीम की हर समय मदद करने के लिए तैयार हैं इसके लिए हम हमारी तरफ़ से टीम को पूर्ण आश्वस्त करते हैं।

इस अवसर पर अश्वत्थ की फाउन्डर आरुषि मित्तल ने पूरे कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए पिछले एक साल में जयपुर जिले में नींव फैलोशिप कार्यक्रम के तहत हुए अनुभवों को साझा किया एवं उन फैलो एवं स्कूलों में आये बदलाव के बारे में एक छोटी सी विडियो फिल्म के माध्यम से रूबरू करवाया तथा वर्तमान में इसकी आवश्यकता क्यों है इस पर विस्तार से चर्चा की। आरुषि ने बताया कि किस तरह से 21वीं सदी के कौशल सीखना एवं उनको बच्चों तक लेकर जाना जरुरी हो गया है एवं इसको नई शिक्षानीति में शामिल करने का उद्देश्य बताया।

आर डी एन सी मित्तल फाउन्डेशन के मुख्य ट्रस्टी डॉ एस सी मित्तल ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि मै स्वयं राजकीय स्कूल में पढ़ा हूँ। मेरे पिता सरकारी शिक्षक थे, उनकी इच्छा थी कि मैं डॉक्टर बनू। मैं डॉक्टर बना एवं तब से ही मेरा राजकीय स्कूलों के विकास में सहयोग करने का मन रहा है मै आज तक सहयोग करता आया हूँ। सात बार राज्य सरकार शिक्षा विभाग ने मुझे भामाशाह अवार्ड से नवाजा है। आरुषि ने आईआईटी के बाद हॉवर्ड में अध्ययन किया एवं इनका शुरू से ही सोच रहा है कि वह इस तरह के सामाजिक कार्यों में अपना योगदान दे जिससे समाज और देश में बदलाव आ सके। इसके लिए सरकार के साथ मिलकर समाज को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने से ही यह संभव होता नजर आता है इसलिए हमे खुशी है कि 21वीं सदी के क्लासरूम एवं शिक्षक तैयार करने की ये मुहीम आरुषि ने शुरू की है और हमारे पिता के सपने को साकार कर रही हैं।

डॉ. मित्तल ने रामगढ़ ब्लॉक से आये लगभग 65 नये शिक्षकों एवं अश्वत्थ टीम के सदस्य शीशराम, अमृता, जितेन्द्र का भी धन्यवाद दिया कि आप इस मुहीम को आगे ले जाने के लिए साथ में मेहनत कर रहे हैं। नीवं फेलोशिप कार्यक्रम से आये स्वयं में बदलाव की पूरी कहानी अमृता ने अपनी सुनाई और किस तरह से आज वह एक अच्छी शिक्षिका बनकर बच्चों के साथ अपनी कक्षा में लेसन प्लान बनाकर उप समूह शिक्षण करने में सक्षम हुई हैं और इसके लिए अश्वत्थ टीम को धन्यवाद भी दिया कि उनकी वजह से यह संभव हो पाया। अभी तक नींव फेलोशिप कार्यक्रम से जुड़ने के लिए लक्ष्मगढ़ और रामगढ़ से लगभग 40 शिक्षक फार्म भर चुके हैं।

## नवनियुक्त ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश कुमार ने सीएचसी छोकरवाड़ा का किया औचक निरीक्षण



### दिये आवश्यक दिशा निर्देश

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर नवनियुक्त अधिकारी डॉ. योगेश कुमार शुक्ल द्वारा गॉव छौंकरवाडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होने बताया कि गॉव छौंकरवाडा सीएचसी के निरीक्षण पर रहते हुए चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को 24 घंटे चिकित्सालय खुला रखने, साफ सफाई व्यवस्था को सही करने और प्रसव की सुविधा 24 घंटे शुरू रखने के निर्देश दिये। वहीं प्रभारी को एएनसी, पूर्ण टीकाकरण, राजश्री योजना की पैंडेसी को खत्म करने के निर्देश भी दिये गये। इस दौरान निरीक्षण के समय वीपीएम हुकम शर्मा, वीएएम हेमन्त कुमार शर्मा, चिकित्सा अधिकारी छौंकरवाडा पुष्पेन्द्र एवं नर्सिंग ऑफिसर देवेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## रात 10 बजे बंद होंगे बाजार सी विज़िल एप की दी जानकारी

### सीएलजी बैठक में सुनी समस्याएं

खबरों की दुनिया



**रावतभाटा।** शहर में अब रात 10 बजे बाजार बंद हो जाएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनोद कुमार मल्होत्रा ने यह बात रावतभाटा पुलिस थाने में आयोजित सीएलजी, शांति समिति और सुरक्षा सखी की बैठक में कहीं। एडीएम विनोद कुमार मल्होत्रा ने रमज़ान, होली, ईद की मुबारकबाद दी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कम उम्र के बच्चे किसी तरह के बहकावे मे ना आए। सभी मिल जुल कर रहे। घर्म विशेष को ऊंचा नीचा दिखाने की कोशिश ना करे। सभी मिलजुल कर त्योहार मनाए। सोशाल मीडिया पर कोई खबर आए तो उसकी सत्यता जांचे। भावनाए भडकाने का कोई मैसेज आए तो पुलिस को तुरन्त सूचना दे। भाईचारे से अमन के साथ त्योंहार मनाए। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी लोगों को सी विज़िल एप डाउनलोड करवाया ओर जानकारी दी किसी भी तरह की आचार संहिता के उल्लंघन होने पर उसकी ऑनलाइन शिकायत की जा सकती है। डीएसपी प्रभु लाल कुमावत ने कहा शहर में मुख्य सड़क किनारे खड़े होने वाले आडे तिरछे वाहनों, और ट्रैफिक व्यवस्था तीन दिन में ठीक की जाएगी। दुकानो के बाहर गाड़ियां खडी करने से मेन रोड पर जाम लग जाता है।

शहर में परमाणु बिजली घर की इकाइयां संचालित है और कोई भीअसामाजिक तत्व दिखाई दे तो पुलिस को सूचना दे। बैठक में उपखंडअधिकारी महेश गागोरिया, थाना अधिकारी रायसल सिंह, एम ए खान, सत्यनारायण देराश्री, सदर मजहर हुसैन भाटी, मनोज मलिक, मधुसूदन गुप्ता, हाजी मंजूर अहमद कैलाश माहेश्वरी, मोहम्मद हनीफ, केके दुबे, चंद्रसिंह भाटी, अबरार खान, आबिद खान, मोहम्मद हुसैन, जफर भाटी, मोहम्मद अरशद भंवर सिंह, राहुल राठौर सहित शहर के निवासी मौजूद थे। इस अवसर पर लोगों ने भी अपनी समस्याओं की जानकारी दी।

## विकास कार्यों पर हर्ष व्यक्त कर जताया आभार

खबरों की दुनिया



**रावतभाटा।** मुस्लिम समाज के अंजुमन सिराजुल इस्लाम सोसाइटी के पदाधिकारी ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर हर्ष व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। अंजुमन सदर हाजी मजहर हुसैन भाटी ने ईदगाह रोड निर्माण कार्य एवं जामा मस्जिद के बाहर सीसी कार्य शुरू होने पर हर्ष जताते हुए क्षेत्रीय सांसद सीपी जोशी, क्षेत्रीय विधायक डॉ सुरेश धाकड़, पालिका अध्यक्ष मधु कंवर हाडा, भैंस रोड गढ़ पंचायत समिति प्रधान आरती बारेशा, प्रधान प्रतिनिधि कुशाल बारेशा, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेंद्र सिंह हाडा, नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा सहित जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। निर्माण कार्य शुरू होने पर पूर्व पार्षद जाकिर हुसैन भाटी, सक्रेटरी मोहम्मद हुसैन दादा, अज्जू खान, हैदर अली, इम्तियाज हुसैन, हाजी मंजूर अहमद, नियाज मोहम्मद, ईदगाह कमेटी सदर कलाम पठान, कब्रिस्तान कमेटी सदर इरशाद साबरी, एजुकेशन सोसाइटी सदर मोहम्मद हनीफ शायर, मोहम्मद हनीफ मंसूरी, आबिद खान, अबरार खान, शरीफ बेग, अकरम अंसारी, समीर खान, नाजिल शेख, इरफान खान सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सीओ प्रदीप झालाटाला का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** नगरपालिका एनयूएलएम सीओ प्रदीप झालाटाला का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया सुबह से ही सोशल मीडिया अथवा दूरभाष पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा नगरपालिका वासियो ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पीएम आवास योजना प्रभारी टीकम वैष्णव ने गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रदीप गुर्जर ने कही योजनाओं के माध्यम से सैकड़ों परिवारों को ऋण दिलाने का काम किया है गरीब लोगों के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

## उच्चैन पंचायत समिति प्रधान के निलंबन पर हाईकोर्ट की रोक

खबरों की दुनिया

**नदबई।** नदबई विधानसभा क्षेत्र की उच्चैन पंचायत समिति में करोड़ों रुपए का फर्जी तरीके से भुगतान करने व पांच सदस्यीय कमेटी की जांच में बिना वित्तीय स्वीकृति के ग्रामीण क्षेत्र में हुए निर्माण कार्यो का करीब एक करोड़ 84 लाख 25620 रुपए का भुगतान करने का आरोप लगाते हुए पंचायतीराज विभाग द्वारा 1994 की धारा 38 (4) के तहत कार्रवाई करते हुए उच्चैन पंचायत समिति प्रधान हिमांशु अवाना को निलंबित करने के मामलें में आरोप साबित नही होने व राजनीति के चलते निलंबन करने का मामला सामने आने पर हाईकोर्ट ने उच्चैन पंचायत समिति प्रधान के निलंबन पर रोक लगा दी।



विभागीय सूत्रों की मानें तो उच्चैन पंचायत समिति प्रधान हिमांशु अवाना ने राजनीतिक द्वेष भावना में निलंबन करने व विभागीय जांच में दोषी विकास अधिकारी कृष्णकांत शर्मा व सहायक लेखाधिकारी जीतेन्द्र छावड़ी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई नही होने का आरोप लगाते हुए हाइकोर्ट में याचिका दायर की। जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता आर.पी.सिंह व सुनील सिंगोदिया ने पैरवी करते हुए पंचातयीराज विभाग के निलंबन को गलत बताया। न्यायालय में आरोप साबित नही होने पर न्यायधीश महेन्द्र गोयल ने याचिका को एडमिट करते हुए उच्चैन पंचायत समिति प्रधान के निलंबन आदेश को रोकने का आदेश दिया।

## आस्था और भक्ति का हलैना में उमडा सैलाब

### - ईत्र, पुष्प व अबीर की महक ने श्रद्धालुओ का मन मोहा

### - श्याम बाबा की निकली भव्य निशान यात्रा

खबरों की दुनिया



**हलैना।** श्रीश्याम सखा मण्डल एवं श्याम बाबा प्रेमियों के द्वारा रामजन्म भूमि न्यास ट्रस्ट अयोध्या के अध्यक्ष नृत्य गोपालदास महाराज के शिष्य एवं श्रीवीर हनुमान आश्रम के महन्त अवधबिहारीदास महाराज के सानिंध्य में बुधवार को कस्वा हलैना के श्रीवीर हनुमान आश्रम स्थित श्रीश्याम बाबा मन्दिर पर द्वितीय फागोत्सव मनाया गया, जिसके तहत श्याम प्रेमियों ने भव्य निशान एवं श्याम बाबा की शोभायात्रा निकाली और श्याम बाबा का नगर भ्रमण कराया।

यात्रा में स्थानीय एवं अन्य गांव के श्रद्वालु शामिल हुए, जिससे आस्था और भक्ति का जन सैलाब देखने को मिला। सभी भक्त श्याम बाबा एवं अन्य देवी-देवताओं के जयकारे लगाते,नाचते-कूदते और ईत्र, पुष्प, अबीर आदि की वर्षा कर एक-दूसरे के रंग-गुलाल लगाते चल रहे थे। ईत्र व पुष्प की महक ने लोगों का मन मोह लिया। जगह-जगह लोगों ने जलपान की व्यवस्था की और निशान यात्रा का भव्य स्वागत कर श्रीश्याम बाबा की पूजा-अर्चना कर विश्वशान्ति, परिवार व मानव कल्याण की कामनाए की। ये यात्रा वीर हनुमान मन्दिर व श्याम बाबा मन्दिर से शुरू हुई, जो अग्रसेन मार्केट, अतिराम महल, गांधी सर्किल, लवानियां मार्केट, कटरा बाजार, पुराना व नया बडा बाजार आदि स्थान से होकर गुजरी। जिसके बाद आश्रम पर होली मिलन, महाआरती, भजन-गीत, प्रसादी वितरण आदि कार्यक्रम हुए। श्याम सखा मण्डल के सेवक ओमप्रकाश गुप्ता, अन्नू ठाकुर, विनोद मित्तल, वासुदेव प्रसाद सरपचं, रवि गोयल, विशेष जिन्दल, टिंकू कुमार जिन्दल, पण्डित रामकुमार, टिंकू सिंघल, रोहित मित्तल, शंकरलाल सिंघल, हरिओम देशवाल, व्याखाता निर्भयसिंह गुर्जर, विजयपाल सिंह हन्तरा, विष्णु मित्तल, अशोक गोयल दवा वाला, सोमेश्वर पहलवान, ऋषि मित्तल आदि का विशेष सहयोग रहा। सेवक ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि यात्रा में कस्वा हलैना, भुसावर, बेरी, छौंकरवाडा कलां, हन्तरा, लखनपुर, अरोदा, सरसैना, भरतपुर, नदबई, खेरलीगंज, महवा, हतीजर, वैर, बयाना, बांदीकुई, न्यामदपुर, मथुरा, आगरा, खेडीदेवी सिंह, ललिता मूडिया, उच्चैन, नगर, कुम्हेर आदि स्थानों के श्याम सखा मण्डल के पदाधिकारी व सेवक शामिल हुए और अनेक स्थान से पदयात्रा भी आई। जिन्होने मन्दिर पर निशान व गुलाब के फूल चढ़ाए।

## शान्ति व सोहार्दपूर्ण तरीके से मनायें त्योहार : सुनील गुप्ता

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** आने वाले होली के पावन त्योहार व लोकसभा चुनाव को देखते हुए थाना परिसर में रद्द सीएलजी सदस्य व पुलिस मित्र, की मीटिंग आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सुनील गुप्ता ने की। थाना प्रभारी गुप्ता ने कहा होली का पर्व आपसी प्रेम व भाईचारा का प्रतीक है। शान्ति से त्योहार मनायें। समाजकंटक व असमाजिक तत्वों के बारे में पुलिस को सूचना दे। सभी सदस्यों का दायित्व बनता है कि अपराधियों को पकड़ने में पुलिस की सहायता कर अपने दायित्व को निभायें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अपराधियों को किसी भी सूरत में नहीं बक्शा जायेगा। आमजन की जागरूकता से अपराधों में कमी आयेगी। जहां पर सीएलजी सदस्यों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया जिसमें तेज गति से चलने वाले वाहन, गश्त व्यवस्था में तेजी, क्षेत्र में बढ़ रही नशा खोरी आदि। जिस पर कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

# ज्वेलरी दुकानदार पर बदमाशों ने हमला कर ज्वैलरी से भरा बैग छीनकर हुऐ फरार, पिता-पुत्र घायल

**खबरों की दुनिया**

**उदयपुरवाटी।** कस्बे के ज्वेलरी दुकानदार के साथ मारपीट करते हुए बदमाशों ने उसके हाथ से नगद रुपए की ज्वैलरी से भरा बैग छीना और फरार हुए। जानकारी अनुसार ओमप्रकाश सोनी 60 वर्ष व अनिल सोनी 30 वर्ष देर शाम दुकान बंद करके अपने घर जा रहे थे। साथ में ज्वैलरी से भरा बैग था।

घर से कुछ दूरी पहले ही घात लगाकर खड़े अज्ञात बदमाशों ने स्कूटी को टक्कर मारी और संभलने के मौके से पहले ही मारपीट करते हुए बैग छीन कर भाग गए। प्रत्यक्ष दर्शको की माने तो बैग में नगद रुपए व आभूषण बताए जा रहे हैं। ज्वैलरी व्यापारी के साथ मारपीट की सूचना पर व्यापार संघ ने उदयपुरवाटी कस्बे को बंद करवाया।

जिन्होंने आभूषण लेकर नाकाबंदी के बावजूद फरार हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। जिस पर थाना अधिकारी गोपाललाल ने 24 घंटे का समय मांग कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान व्यापार संघ के सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

वही ज्वैलरी व्यापारी ओमप्रकाश सोनी को गंभीर हालत में सीकर के श्रीकल्याण हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जिनका उपचार चल रहा। अनिल सोनी को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

इधर व्यापार संघ ने चेतावनी दी है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सामान बरामद नहीं किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।





खबरों की दुनिया

एक नजर

## होली पर कानून-व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त

**खबरों की दुनिया**

**झुंझुनूं।** होली पर्व पर 24 मार्च एवं 25 मार्च धुलण्डी के दिन जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए विभिन्न कस्बों में मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। जिसमें झुंझुनूं कस्बे के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट झुंझुनूं को, बगड़ के लिए नगर पालिका बगड के अधिशाषी अधिकारी को, इस्लामपुर के लिए झुंझुनूं विकास अधिकारी को, मण्डावा के लिए मडावा उपखण्ड अधिकारी को, बिसाउ, महनसर, गांगियासर के लिए बिसाउ तहसीलदार को, मलसीसर एवं अलसीसर के लिए मलसीसर उपखण्ड मजिस्ट्रेट को, चिड़ावा एवं नरहड के लिए चिड़ावा तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट को, मण्ड्रेला के लिए नायब तहसीलदार को, सूरजगढ़ के लिए सूरजगढ़ उपखण्ड मजिस्ट्रेट को, पिलानी के लिए पिलानी विकास अधिकारी को, सुलताना के लिए चिड़ावा विकास अधिकारी को, मुकुन्दगढ़ के लिए मण्डावा अधिशाषी अधिकारी को, चिराना एवं गुढ़ागौड़जी के लिए गुढ़ागौड़जी अधिशाषी अधिकारी को, केड एवं गुढ़ागौड़जी के लिए गुढ़ागौड़जी के नायब तहसीलदार को, बुहाना के लिए बुहाना उपखण्ड मजिस्ट्रेट को, सिघाना के लिए सिघाना विकास अधिकारी को मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गए हैं। साथ ही जिला कलक्टर ने सभी को बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए है।

## फुलचंद कुमावत दुसरी बार प्रदेश उपाध्यक्ष बने, सुरेश सैनी जिला अध्यक्ष नियुक्त

**खबरों की दुनिया**

**सीकर।** भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चम्पा लाल गेदर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी की सहमति से सीकर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष पद पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुरेश सैनी को मनोनीत किया है। सैनी युवा चहरा होने से ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे। सैनी की युवा कार्यकर्ताओ में अच्छी क्रेज है। भाजपा मीडिया जिला सह संयोजक नरेश सैन ने बताया कि ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर भाजपा नेता फुलचंद कुमावत को दूसरी बार मौका मिला है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओ ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और आतिशबाजी की गई।सैनी के ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष व कुमावत के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर भाजपा नेताओं ने बधाई दी है। और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी व मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चम्पालाल गेदर व सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती व भाजपा जिला अध्यक्ष कमल सिखवाल का आभार व्यक्त किया है। बधाई देने वालो में भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोविंद राम सैनी, भाजपा मीडिया संभाग सह संयोजक प्रकाश दाधीच, नेता प्रतिपक्ष अशोक चौधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल शर्मा, राजकुमार जोशी, आनंद सैनी, भाजपा जिला मंत्री जगदीश कुमावत, नेमीचंद कुमावत, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वदेश शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिता शर्मा, शहर अध्यक्ष कविता चौधरी, मण्डल उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद सैन, जीत भारतीय, सुरेंद्र कुमावत, गोकुल माथुर, अशोक माथुर सहित अनेक लोग शामिल हुए।

## अमृत जलम कलश यात्रा का मालुपुरा में स्वागत

**खबरों की दुनिया**



**चिड़ावा।** विश्व जल दिवस के उपलक्ष में रामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान की ओर से चल रही अमृतम जलम कलश यात्रा के पांच दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के तीसरे दिन मालुपुरा में ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया। मुख्य अतिथि संस्थान के परियोजना प्रबंधक भूपेन्द्र पालीवाल, कलश यात्रा संयोजक संजय शर्मा, कृषि समन्वयक शुबेन्द्र भट्ट उपस्थित थे। पालीवाल ने कहा कि वर्षा जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के लिए सभी को साथ मिलकर प्रयास करने होंगे। तभी हम आगे आने वाली पीढी को भूजल उपलब्ध करा पाएंगे। संयोजक संजय शर्मा ने संस्थान की गतिविधीयों के बारे में जानकारी दी।

संस्थान के सभी कार्यकर्ताओं का माल्यार्पण, साफा पहनाकर, शॉल ओढाकर सम्मान किया गया। महिलाओं ने कलश सिर पर उठाकर यात्रा का शुभारम्भ किया। गांव के दुर्गा मंदिर से सभी ग्रामीण महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए पुरूषों व युवाओं के साथ अमृत जलम कलश यात्रा के रथ को गांव की सीमा तक पहुंचाया। मालुपुरा से यह रथ गांव सारी, सुल्ताना, क्यामसर, महरमपुर, गोवला, भुकाना व चनाना पहुंचा। वहां पर भी ग्रामीणों ने अमृत जलम कलश का स्वागत किया। इस दौरान संस्थान के वरिष्ठ पर्यवेक्षक सूरजभान रायला, बलवान सिंह, आईटी अधिकारी मोनिका स्वामी, कृषि अधिकारी राकेश महला, मान सिंह, अजय बलवदा और नरेश आलडिया उपस्थित रहे। 21 मार्च को अमृत जलम कलश यात्रा का रथ चिड़ासन, श्रीअमरपुरा, किठाना, जोडिया, खुडौत, गिडानिया, खेमू की ढाणी, नरहड़ पहुंचेगा।

## झुंझुनूं के आत्माराम सैनी बने प्रचार मंत्री



**खबरों की दुनिया**

**झुंझुनूं।** रायपुर ब्लॉक पत्रकार संघ की नवगठित कार्यकारिणी सर्वसम्मति से बनी। जिसमें श्याम सैनी अध्यक्ष बने।

ब्यावर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष विष्णु दत्त धीमान, महासचिव आनंद सोनी, संगठन मंत्री प्रकाश भाट्ट, अशोक माली व कोषाध्यक्ष अनिल खींची विशेष रूप से उपस्थित रहे। नव नियुक्त अध्यक्ष श्याम सैनी ने बताया कि आत्माराम सैनी झुंझुनूं को सर्व सहमती से रायपुर ब्लॉक के प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी दी। राजू दास वैष्णव व शक्ति सिंह को उपाध्यक्ष चुना। महासचिव दिलीप चौहान, सचिव चीमन सिंह, कोषाध्यक्ष बलवीर जलवानिया, संगठन मंत्री जगदीश माली व कैलाश गुर्जर को मनोनीत किया। प्रचार मंत्री विनोद सिंह, मोनिका राठौड़ व शीतल प्रजापत को चुना गया।

## त्रिपोलिया शिव मंदिर में मनेगा फाग महोत्सव 23 को



**खबरों की दुनिया**

**अलवर।** त्रिपोलेश्वर शिव शक्ति सेवा समिति व भक्तजनों के सहयोग से हर वर्ष की भांति इस बार 23 मार्च शनिवार को फाग महोत्सव मनाया जाएगा। यह महोत्सव त्रिपोलिया शिव मंदिर में रात्रि 8 से 10 बजे तक मनाया जाएगा।

अध्यक्ष ने बताया कि होली के उपलक्ष में समिति द्वारा निःशुल्क गंगा जल में गूगल धूनी का निःशुल्क वितरण कार्यक्रम 22 मार्च शुक्रवार को संध्या आरती के बाद किया जाएगा। जिसमें हमारे हिंदू सनातन धर्म की पवित्र नदी गंगा का जल गंगा, जमुना, सरस्वती, मुंशी महारानी के चरणों का जल स मिलित कर जल को शीशियों में भरकर वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही गूगल धूनी का गूगल वितरण किया जाएगा। जिसकी होली के त्यौहार में श्रद्धा भाव के साथ भक्त अपने अनुसार काम में ले सके। समिति का मु य उद्देश्य हमारी अनुशासन धर्म की परंपराओं को मु य रूप से जीवित रखना है।

समिति अध्यक्ष महंत जितेंद्र खेड़ापति ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बाबा के दरबार में होली महोत्सव फाग उत्सव मनाया जाता है। होली हमारे हिंदु धर्म का प्रमुख त्यौहार है, जो कि अधर्म पर धर्म की विजय, असत्य पर सत्य की विजय का प्रमाण है। जीवन में कल्याणकारी परोपकारी जीवन शैली व परमपिता परमात्मा जो की सभी जीव मात्र में विद्यमान है। कण कण में परमात्मा का वास होता है। यह प्रमाण का हमारे शास्त्र व होली के इस विशेष उत्सव को दर्शाती है ओर साथ ही हमारे प्रमाण और पौराणिक कथाएं यह भी स्पष्ट करती हैं कि किसी भी उपलब्धि को उसे परमपिता परमात्मा की अनुकृपा के बिना नहीं पाया जा सकता।

महंत खेडापति ने बताया कि इसी श्रृंखला में होली महोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने सभी भक्तों से सदस्यों से अपील की है कि हमारी धार्मिक धरोहरों को अच्छा बनाने व उनकी मर्यादा को ध्यान में रखते हुए एक दूसरे के प्रति आदर सत्कार की भावना रखते हुए इस महोत्सव को मनाएं।

## पहले दिन कोई नामांकन नहीं, 27 मार्च तक लिए जाएंगे नाम निर्देशन-पत्र

**खबरों की दुनिया**

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र रिटर्निंग अधिकारी चिन्मयी गोपाल ने बुधवार को झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए अधिसूचना जारी की। अधिसूचना जारी होने के बाद पहले दिन नामांकन शून्य रहा। अभ्यर्थियों द्वारा 27 मार्च तक अपने नाम निर्देशन-पत्र परिदत्त किए जा सकते हैं। रिटर्निंग अधिकारी चिन्मयी गोपाल ने बताया कि अभ्यर्थियों या उनके किसी प्रस्थापक द्वारा नाम निर्देशन-पत्र 27 मार्च तक सवेरे 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक (लोक अवकाश के भिन्न) जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट झुंझुनूं के कार्यालय में परिदत्त किए जा सकते हैं। 23 मार्च को शनिवार, 24 को रविवार तथा 25 मार्च को धूलंडी का अवकाश होने के कारण नामांकन पत्र प्राप्त नहीं किए जाएंगे।



### मतदान दल रवानगी स्थल का निरीक्षण

उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामतरन सौकरिया ने जिला मुख्यालय की सेठ मोतीलाल पीजी कॉलेज का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सेठ मोतीलाल कॉलेज में लोकसभा आम चुनाव के लिए मतदान दल रवानगी, संग्रहण एवं मतगणना के कार्य संपादित किये जाएंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दलों के बैठने की व्यवस्था, ईवीएम स्टोर, विधानसभा वार मतगणना, डाक मत पत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मडावा एसडीएम सुप्रिया कालेर, आरएएस हवासिंह, रसद अधिकारी कपिल झाझडिया, नगर परिषद आयुक्त अनिता खीचड़ सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रीश्याम भक्तों ने चढ़ाएं निशान

**खबरों की दुनिया**

**झुंझुनूं।** बाबा श्रीश्याम के भक्तों ने बुधवार को नाचते गाते निशान चड़ाएं। श्याम भक्त गजानंद ने बताया कि अग्रसेन सर्किल के पास छेलाराम नगर से भक्तों ने 21 निशान उठाए। बगड़ रोड़ श्रीगणेश मंदिर होते हुए मोतीसिंह की ढाणी स्थित श्रीश्याम मंदिर में निशान चड़ाएं। रास्ते में यात्रियों को शंकरलाल सैनी, पवन सिंगोदिया, नितेश मिस्त्री, पवन हलकारा, दलीप सैनी ने ज्यूस पिलाया और फूल बरसाएं। निशान यात्रियों में माडूराम, महेंद्र सैनी, शेरसिंह, शीशराम, श्रवण कुमार, रमेश पोद्दार, चन्द्रशेखर, प्रकाश मिस्त्री सहित महिलाएं शामिल रही। निशान यात्रा का मुख्य आकर्षण कृष्ण और राधा बनकर नृत्य कर रहे बच्चे रहे।



## सरदार हरलालसिंह की 42वीं पुण्यंतिथि आज

**खबरों की दुनिया**

**मंडावा।** निकटवर्ती गावं हनुमानपुरा में 21 मार्च को शेरे शेखावाटी सरदार सरदार हरलाल सिंह की 42वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। सरदार हरलालसिंह स्मारक समिति संयोजक राजन चौधरी ने बताया कि हर वर्ष की भांति सरदार हरलालसिंह की 42वीं पुण्यंतिथि का आयोजन उनके पैतृक गांव हनुमानपुरा में उनके स्मारक स्थल पर प्रातः 10 बजे किया जाऐगा। चौधरी ने कहा कि सरदार हरलालसिंह प्रदेश कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष रहे तथा अपने जीवन काल में सदैव किसानों के हितो की पैरवी की व आजादी से पूर्व 1925 में गांव में शिक्षा की अलख जगाई थी।

## सैनिक कल्याण कार्यालय को इनवर्टर-बैटरी भेंट



**खबरों की दुनिया**

**चिड़ावा।** गौरव सेनानी सेवा समिति के चिड़ावा ब्लॉक की बैठक शहर की चौधरी कॉलोनी स्थित सामुदायिक विकास भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के चिड़ावा ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व सरपंच शीशराम डांगी ने की। इस दौरान होली स्नेह मिलन समारोह मनाया गया। सभी ने एक दूसरे को त्यौहार की बधाई दी। अध्यक्ष डांगी ने इस दौरान सभी को त्यौहार की बधाई देते हुए पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर चर्चा की। इसके बाद सभी पदाधिकारी और समिति सदस्य पूर्व सैनिक कोर्ट रोड स्थित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय पहुंचे। जहां पर समिति की ओर से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के लिए इनवर्टर और बैटरी भेंट की गई। इस दौरान समिति उपाध्यक्ष राजेंद्र, सचिव जंगशेर खान, रमेश ढाका, सत्यवीर मेचू, कुलदीप मान, जगदीश स्वामी, हरलाल सिंह, जगमाल सिंह, राम सिंह, शीशराम, ब्रह्मानंद रोहिला, हीरालाल, बसंतलाल सहित समिति पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## बड़ा तालाब बालाजी धाम में खेली फूलों की होली



**खबरों की दुनिया**

**सीकर।** सिद्धपीठ दक्षिणमुखी बड़ा तालाब बालाजी धाम मे मंगलवार को फागोत्सव मनाया गया। सावित्री दीक्षित ने बताया कि बालाजी महाराज को भजनों से रिझाया, हनुमान चालीसा का पाठ किया।

महिलाओं ने मंदिर मे फूलों की होली खेली। लाल पीले रंगों से सभी के माथे पर तिलक किया। इसी कार्यक्रम में पं. संजय शर्मा, ईश्वर सिंह राठौड़, भाजपा महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष कविता चौधरी, जमुना शर्मा, संजू जांगिड़ आदि मौजूद रहे।

## निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आज

**खबरों की दुनिया**

**अलवर।** महावीर इन्टरनेशनल अलवर केन्द्र अलवर द्वारा संचालित आचार्य हस्ति चिकित्सालय, 1 शान्तिकुंज, भवानी तोप सर्किल, मीनल होटल के पास, अलवर में गुरूवार को निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर प्रातः साढ़े 8 बजे से 11 बजे तक लगाया जाएगा।

केन्द्र सचिव सूर्यकांत भारद्वाज ने बताया कि इस शिविर में मोतियाबिन्द के मरीजो लैंस प्रत्यारोपण के ऑपरेशन निःशुल्क किए जायेंगे। ऑपरेशन के बाद मरीजों को रहने, खाने, दवाईया, चश्में की सुविधा निःशुल्क रहेगी। उन्होंने बताया कि आँखों की जाँच कराने वाले रोगी अपना आधार एवं वोटर आई.डी या राशन कार्ड की फोटों प्रति साथ जाना जरूरी होगा।

## 'होली मिलन समारोह' 24 को

**खबरों की दुनिया**

**अलवर।** श्रीसोमवंशी क्षत्रिय (हैहय) सभा, अलवर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस बार 'होली मिलन समारोह' 24 मार्च रविवार को मनाया जाएगा।

अध्यक्ष ओमप्रकाश सोमवंशी ने बताया कि यह समारोह दोपहर 1 बजे से सांय 5 बजे तक राजराजेश्वर भगवान श्री सहस्त्रबाहू अर्जुन मन्दिर प्रांगण, (सभा भवन) क पनी बाग के सामने अलवर में मनाया जायेगा। अध्यक्ष ने सभी समाजबन्धु होली मिलन समारोह में सादर आमंत्रित करते हुए संदेश दिया कि 'पानी की बचत' को ध्यान में रखते हुए चन्दन का तिलक लगाकर व फूलों से होली खेली जायेगी।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## ईवीएम-वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आमचुनाव 2024 के अंतर्गत 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए ईवीएम और वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन 19-20 मार्च 2024 को प्रदेश के 33 जिला मुख्यालयों पर आयोजित किया गया। 19 मार्च को प्रथम चरण के 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए तथा 20 मार्च को द्वितीय चरण के 13 लोकसभा क्षेत्रों हेतु ईवीएम वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया।

उन्होंने बताया कि बीस प्रतिशत रिजर्व सहित 120 प्रतिशत बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और तीस प्रतिशत रिजर्व सहित 130 प्रतिशत वीवीपीएटी यूनिट का रेंडमाइजेशन किया गया। इस प्रकार राज्य के समस्त जिलो में कुल 63658 बीयू, 63658 सीयू, 68247 वीवीपैट मशीनों का प्रथम रैंडमाइजेशन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रथम रेंडमाइजेशन संबंधित जिला मुख्यालयों में किया गया, इसके बाद ईवीएम-वीवीपेट लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रवार रिटर्निंग अधिकारियों को आवंटित कर दी गयी।

प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राज्य के बागीदौरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव हेतु भी 340 बीयू. 340 सीयू एवं 369 वीवीपैट मशीनों का प्रथम रैंडमाइजेशन 20 मार्च को जिला मुख्यालय बांसवाड़ा में करते हुए ईवीएम-वीवीपेट मशीनें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को आवंटित कर दी गयी।

प्रथम रेंडमाइजेशन के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी और मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। ईवीएम वीवीपैट मशीनों का द्वितीय रैंडमाइजेशन अभ्यर्थियों के नाम वापसी की अंतिम तिथि के बाद किया जाएगा।

## जयपुर में पकड़ी गई एक करोड़ की शराब

### गुजरात और मुंबई में होनी थी सप्लाई, 865 पेटियां पकड़ी गईं

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** जयपुर में ट्रक से एक करोड़ रुपए की अवैध शराब जब्त की गई है। दौलतपुरा थाना पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार ड्राइवर ने पुलिस को बताया- वह इस ट्रक को गुजरात और मुंबई ले जा रहा था। चालक से गहनता से पूछताछ की जा रही हैं।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ ने बताया- लोकसभा आम चुनाव 2024 को देखते हुए अवैध मादक पदार्थ व अवैध शराब के परिवहन व वितरण की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें एक राज्य से दूसरे राज्य में अवैध रूप से शराब परिवहन व विक्रय को रोकने और धड़ पकड़ की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हुए हैं। 19 मार्च को एनएच 48 एक्सप्रेस वे पर मुखबिर खास से प्राप्त सूचना मिलने पर दिल्ली की ओर से आ रहे यूपी नंबर के ट्रक को चैक किया गया।

ट्रक ड्राइवर ने बिजली का सामान भरा होना बताया। मगर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो ट्रक ड्राइवर ने अवैध अंग्रेजी शराब होना बताया। इस पर ट्रक को चैक कर अंग्रेजी शराब के 865 कार्टून में करीब 1 करोड़ रुपए कीमत की अवैध शराब बरामद की। इसके बाद ट्रक को अवैध शराब से साथ जब्त कर लिया गया।

### पंजाब में बनी शराब पकड़ी गई

ट्रक चालक विक्रमजीत सिंह (40)पुत्र स्व. राज सिहं जाति जाट सिख निवासी सचेतगढ़ जिला जम्मू को गिरफ्तार किया गया। चालक ने बताया कि वह ट्रक को पंजाब से गुजरात-मुंबई लेकर जा रहा था। ट्रक में पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब मिली।

### छत से छलांग लगाकर किया सुसाइड

**जयपुर।** राजधानी में छत से छलांग लगाकर एक व्यक्ति ने सुसाइड कर लिया। लोन वसूलने के लिए फाइनेंस कंपनी की ओर से उसे टॉर्चर किया जा रहा था। प्रॉपर्टी पर कब्जा करने की लगातार धमकियां मिल रही थी। रामगंज थाने में मृतक की पत्नी ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। एएसआई बाबूलाल ने बताया- लक्ष्मी नारायणपुरी सूरजपोल गेट निवासी नरोत्तम लाल अग्रवाल (54) ने सुसाइड किया था। 5 फरवरी की देर रात करीब 2 बजे नरोत्तम ने घर की छत से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। रामगंज थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची थी।

सबकी ज़ुबां पर एक ही नाम : जय श्री श्याम-जय श्री श्याम

# नीले घोड़े पर नगर भ्रमण को निकले बाबा श्याम






### भक्तों के हृदय मे एक ही भरोसा, एक ही आशा व दर्शन का विश्वास

खबरों की दुनिया

**सीकर।** सीकर श्याम बाबा के दस दिवसीय वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेल के दौरान एकादशी को खाटूश्यामजी नगरी में श्याम प्रभु के दर्शन करने के लिए भारत वर्ष के कोने-कोने से श्याम भक्त उमड़ पड़े। श्याम भक्तों की प्रभु के प्रति दर्शन की आस्था व भक्ति ने खाटूनगरी को श्याम मय कर दिया। चारों तरफ केवल और केवल बाबा श्याम का नाम व गुणगान दिखाई दे रहा था।

श्रद्धा की बहती बयार, रंग गुलाल उड़ाता भक्तों का रैला, आसमान से होती पुष्प वर्षा और हीरे-मोतियों जड़ी रंग-बिरंगी पोशाक, सिर पर केसरिया पगड़ी पहनकर बाबा श्याम रथ पर सवार होकर जब खाटू की गलियों से गुजरे तो हर एक श्याम भक्त पलक पांवडे बिछाए हुए उनके स्वागत में तैयार खड़े रहे। एकादशी को खाटू नगरी के भ्रमण के लिए श्याम मंदिर से सुबह सवा ग्यारह बजे रथ पर सवार बाबा श्याम की शोभायात्रा गाजे–बाजे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा के आगे सैकड़ों श्याम भक्त रंग गुलाल उड़ाते नाचते हुए चल रहे थे। पूरा खाटूधाम बाबा श्याम के जयकारों से गुंजायमान हो रहा था।

कोई श्याम प्रेमी पैदल, पेट पलायन, दंडवत तो कोई घुटनों के बल मीलों की यात्रा करके आया है। लेकिन, ना कोई पीड़ा है ना ही चेहरे पर कोई शिकन। भूख- प्यास की भी चिंता नहीं है। बस भावों से भरे हृदय में नाम एक है, लक्ष्य एक है, भरोसा एक है, आशा व उम्मीद एक है..बाबा श्याम।

बुधवार एकादशी होने की वजह से श्याम भक्तों की तादाद एक दम से बढ़ गयी। श्याम बाबा के दर्शनों की कतार में लगे श्याम भक्त प्रभु के जयकारे लगाते हुए बाबा श्याम के दर पर बढ़ रहे थे वहीं सेवा मे खड़े स्वयंसेवक व स्काउट्स के नन्हें बच्चे श्याम भक्तों में जयकारों व तालियों से जोश भरते नजर आये। बाबा श्याम के पदयात्रा आने वाले रींगस से खाटूधाम के बीच भण्डारों में जहां अनेक भांति के व्यंजन का आनन्द ले रहे थे वहीं सेवा कर रहे स्वयंसेवी संस्थाओं के सेवादार सेवा करने में अपनी और से कोई कसर नहीं छोड़ रहे थे।

बाबा श्याम के फाल्गुनी लक्खी मेले में एकादशी के पावन अवसर पर रथयात्रा निकाली गयी। बाबा श्याम नीले घोडे पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण को निकले। बाबा श्याम की सवारी शाही लवाजमे के साथ श्याम मंदिर से आरम्भ हुई। रथयात्रा के साथ हजारों श्याम भक्त नाचते-गाते गुलाल,अबीर उड़ाते हुए साथ चल रहे थे। बाबा श्याम की दीवानगी में मस्त श्याम प्रेमी कभी नाचत-गाते रहे तो कभी गुलाल उड़ाते हुए मस्ती में नहाते नजर आये। रथयात्रा के दर्शन करने के लिए गलियों में धर्मशालाओं की छतों पर श्याम भक्त व ग्रामीण अटे रहे। बाबा श्याम के रथ के दीदार पाने के लिए प्रसाद लेने की भक्तों में होड़ लगी रही। रथयात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मुख्य बाजार पहुंची जहां पर बाबा श्याम की आरती की गयी।

### भजन संध्याओं मे झूम उठे श्याम

श्याम बाबा के वार्षिक लक्खी मेले में सभी धर्मशालाओं व पांडालों मे बाबा श्याम का अलौकिक दरबार सजाकर भजन संध्याओं का आयोजन किया गया जिसम अनेक श्याम भजन गायकों ने बाबा श्याम को भजनों से रिझाया तो वहीं श्याम भक्त भजनों की स्वर लहरियों पर थिरकते नजर आये।

### भक्त और भगवान की अटूट आस्था का नाम बना खाटूधाम

बाबा श्याम के लक्खी फाल्गुन मेले में श्याम भक्तों का हुजूम उमड़ पडा। बाबा श्याम के लाखों दीवानों की मस्ती इस समय खाटूधाम में देखने को मिल रही है। बाबा श्याम के भक्त श्याम बाबा के दर्शन करने के लिए खाटूधाम आ रहे है। इन भक्तों का बाबा से अटूट संबध बन चुका है। दिल्ली, कोलकाता, मुम्बई, पंजाब, हरियाणा, चैन्नई सहित विभिन्न प्रान्तों से श्याम भक्त ना केवल पहली बार खाटू आ रहे है वरन लाखों श्याम भक्त हर साल बाबा के फाल्गुन मेले में आते है यहां तक श्याम भक्त पीढ़ी दर पीढ़ी बाबा श्याम के दीदार को आते है। कोलकाता के एक श्याम भक्त ने बताया कि खाटूधाम में परिवार के जैसा माहौल लगता है और हमारे पूर्वज भी यहां दर्शनार्थ आते रहे है। इसलिए हम में फाल्गुन मेले में आने की परम्परा ही बन गयी है।

श्याम बाबा के मेले की व्यवस्थाओं का जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी, पुलिस महानिदेशक सतेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव, मेला मजिस्ट्रेट एवं उपखण्ड़ अधिकारी गोविन्द भींचर, सहायक मेला मजिस्ट्रेट महिपाल सिंह राजावत सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने कमान संभाली ।

### सूरजगढ का निशान आज चढ़ेगा

बाबा श्याम के फाल्गुनी लक्खी मेले में परम्परा के अनुसार सूरजगढ का प्राचीन निशान द्वादशी गुरुवार को चढ़ेगा। वर्ष प्रयन्त शिखरबंद पर चढ़े रहने वाला निशान जत्थे के साथ चढ़ाया जायेगा।

## नगर निगम ग्रेटर ने वसूला 6 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज, 2 केन्टर सामान जब्त

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की अस्थाई टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में 200 फीट बाईपास पर जयपुर विकास प्राधिकरण व यातायात पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए चौरड़िया पेट्रोल पम्प सांगानेर, थड़ी मार्केट, अग्रवाल फार्म एवं लता सर्किल से कॉटा चैराहा तक अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 16 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 2 केन्टर सामान जब्त किया।

उपायुक्त सतर्कता अजय शर्मा ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में 200 फीट बाईपास पर जयपुर विकास प्राधिकरण व यातायात पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही की गई तथा यातायात पुलिस के साथ चौरड़िया पेट्रोल पम्प सांगानेर, थड़ी मार्केट, अग्रवाल फार्म एवं लता सर्किल से कॉटा चौराहा तक अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई।

कार्यवाही के दौरान 02 केन्टर सामान जप्त कर गोदाम में भिजवाया गया तथा मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 16 हजार रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया।

तथा दौरे के दौरान सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## नगर निगम ग्रेटर द्वारा जोनवार 300 से अधिक जारी किये कुर्की वारंट

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा बकाया सम्पत्तिधारकों के विरूद्ध जोनवार कुल 300 से अधिक कुर्की वारंट जारी किये गये है। जिसमें मालवीय नगर जोन में 79, झोटवाड़ा जोन में 49, मुरलीपुरा जोन में 34, जगतपुरा जोन में 53, सांगानेर जोन में 05, मानसरोवर जोन में 35, विद्याधर नगर जोन में 56 कुर्की वारंट जारी किये गये है। जिनकी सम्पत्तियों पर बकाया होने के कारण नगर निगम ग्रेटर द्वारा कुर्की कर बकाया राशि वसूली की कार्यवाही निरतंर की जा रही है। आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर द्वारा कुर्की कार्यवाही 31 मार्च 2024 तक निरन्तर की जावेगी। इसलिये जिन सम्पत्तिधारकों द्वारा अभी तक भी अपनी संपत्ति का बकाया नगरीय विकास कर निगम कोष में जमा नहीं करवाया गया है वह बकाया नगरीय विकास कर निगम कोष में 31 मार्च 2024 से पूर्व जमा कराया जाना सुनिश्चित करे एवं वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा 31 मार्च 2024 तक गृहकर एवं नगरीय विकास कर में देय छूट अनुसार संपत्ति स्वामी वित्तीय वर्ष 2011-12 से पूर्व के बकाया नगरीय विकास कर में एकमुश्त जमा कराने पर उस अवधि के नगरीय विकास कर में मूल बकाया में 50 प्रतिशत की छूट एवं पेनल्टी में 100 प्रतिशत छूट का लाभ उठावे।

गुलाबी शहर मे आईपीएल का हल्ला

## जयपुर में स्टूडेंट के लिए सस्ता हुआ आईपीएल का टिकट



### अब 500 रुपए में मिलेगा, एक आईडी पर खरीद सकते हैं 2 टिकट

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) स्टेडियम में 24 मार्च को होने वाले आईपीएल मुकाबले से पहले राजस्थान रॉयल्स ने स्टूडेंट को सस्ते में टिकट देने की घोषणा की है।

अब तक जो टिकट आम लोगों को 1200 रुपए में बेचे जा रहे थे, वो अब स्टूडेंट्स को 500 रुपए में बेचे जाएंगे। इसके लिए स्टूडेंट आईडी दिखाना अनिवार्य होगा। एक आईडी पर 2 टिकट खरीदे जा सकते हैं। हर साल राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की देखरेख में इंडियन प्रीमियर लीग के मैचों का आयोजन करवाया जाता था। इस दौरान स्टूडेंट्स को किफायती दर (500 रुपए) पर टिकट देने का प्रावधान भी रखा जाता था। इस बार आईपीएल मैचों का आयोजन सीधे खेल परिषद और राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है। इसकी वजह से अब तक स्टूडेंट्स को किफायती दर पर टिकट देने का फैसला नहीं हो पाया था। अब मैच से ठीक 3 दिन पहले राजस्थान रॉयल्स ने स्टूडेंट्स को हर बार की तरह इस बार भी 500 रुपए में टिकट देने का फैसला किया है।

### 800 में मिलने वाला टिकट इस बार 1200 में मिलेगा

इस बार आईपीएल मैचों के लिए टिकट के रेट 1200 से लेकर 20 हजार रुपए तक तय किए गए हैं। दर्शक सवाई मानसिंह स्टेडियम में काउंटर से ऑफलाइन टिकट लेने के साथ ही ऑनलाइन भी टिकट बुक कर सकते हैं। पिछली बार सबसे सस्ता टिकट 800 रुपए में था। इस बार इसका रेट 400 रुपए बढ़ा दिया गया है।

### पिंक थीम पर सजाया गया स्टेडियम

जयपुर को दुनिया भर में गुलाबी नगरी के नाम से पहचाना जाता है। इसके साथ ही राजस्थान रॉयल्स की ड्रेस का रंग भी पिंक है। इस बात को ध्यान में रखते हुए इस बार जयपुर के स्टेडियम को पिंक थीम पर सजाया गया है। स्टेडियम के सीट के कलर को स्काई ब्लू से बदलकर पिंक कर दिया गया है। जगह-जगह खिलाड़ियों के पिंक कलर के ही होर्डिंग्स लगाए गए हैं, ताकि जयपुर के गुलाबी रंग और राजस्थान रॉयल्स टीम की थीम को बरकरार रखा जा सके। दर्शकों के मनोरंजन के लिए राजस्थानी कलाकार परफॉर्म करेंगे।

### अलग-अलग स्टैंड्स के लिए अलग-अलग रेट

- ईस्ट स्टैंड 1 में प्रति सीट 1200 रुपए का टिकट
- ईस्ट स्टैंड 3 में प्रति सीट 1500 का टिकट
- नॉर्थ वेस्ट स्टैंड 2 में प्रति सीट 1800 रुपए का टिकट
- साउथ ईस्ट स्टैंड 1 में प्रति सीट 1900 रुपए का टिकट
- सुपर रॉयल्स नॉर्थ ईस्ट स्टैंड 1 और 2 में प्रति सीट 2000 रुपए का टिकट। यहां दर्शकों को फैन टी-शर्ट भी उपलब्ध करवाई जाएगी।
- साउथ वेस्ट स्टैंड में प्रति सीट 2200 रुपए का टिकट
- राजस्थान रॉयल्स द्वारा नॉर्थ ईस्ट लॉन, नॉर्थ वेस्ट लॉन, ईस्ट लॉन 1, ईस्ट लॉन 2 में प्रति सीट 4000 रुपए का टिकट। यहां दर्शकों को फूड बॉक्स भी उपलब्ध करवाए जाएंगे।
- रॉयल बॉक्स 1, 5, 9, 10, 12 में प्रति सीट 6000 रुपए का टिकट। यहां दर्शकों को खाने के साथ सॉफ्ट ड्रिंक भी मिलेगी।
- जोधपुर लाउंज में प्रति सीट 8000 रुपए का टिकट। यहां दर्शकों को खाने के साथ सॉफ्ट ड्रिंक भी दी जाएगी।
- प्रेसिडेंट ईस्ट बॉक्स में प्रति सीट 15 हजार रुपए टिकट रेट तय है। यहां लजीज व्यंजनों के साथ खाना और सॉफ्ट ड्रिंक मिलेगी।
- राजस्थान रॉयल्स द्वारा स्पेशल वीआईपी लाउंज में प्रति व्यक्ति 20 हजार रुपए रेट तय है। यहां लजीज व्यंजनों के साथ खाना और सॉफ्ट ड्रिंक मिलेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक **अजय भारतीय** द्वारा आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं आकाशदीप सेक्टर-11 अग्रवाल फार्म, जयपुर से प्रकाशित। **सम्पादक :** एल. सी. भारतीय **मोबाइल:** 9829061123 **फोन :** 0141-2397778